
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471

# दैनिक अमन लेखनी




मेघना के साथ काम करेंगे सिद्धार्थ......



रश्मिका ने लिखा इमोशनल पोस्ट....


वर्ष : 10 | अंक : 02 | लखनऊ, 11 दिसम्बर, सोमवार 2023 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए


**मौसम**

अधिकतम तापमान 22.c

न्यूनतम तापमान 9.c

**बाजार**

सोना 5510/ g

चांदी 73.50/ g


सेंसेक्स 69,825.60

निफ्टी 20,969.40

# मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में बाबू चतुर्भुज सिंह की प्रतिमा का अनावरण किया

**महाविद्यालय की पुस्तिका का विमोचन तथा महाविद्यालय के स्वर्ण पदक विजेताओं को पुरस्कृत किया**

**अमन लेखनी समाचार**



लखनऊ : उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज जनपद गोरखपुर के बांसगांव स्थित जवाहर लाल नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय परिसर में महाविद्यालय के संस्थापक एवं पूर्व ब्लॉक प्रमुख बांसगांव बाबू चतुर्भुज सिंह की प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने महाविद्यालय की पुस्तिका का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री ने महाविद्यालय की स्वर्ण पदक विजेता सुश्री एकता यादव व सुश्री शालिनी पाण्डेय को पुरस्कृत किया। उन्होंने बांसगांव स्थित दुर्गा मन्दिर मे पूजा-अर्चना की और पर्यटन विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबू चतुर्भुज सिंह गोरखपुर के प्रमुख समाजसेवी थे। उन्होंने ब्लॉक प्रमुख के रूप में लम्बे समय तक इस विकासखण्ड में अपनी सेवाएं दीं। वह विपरीत परिस्थितियों में भी समाज सेवा में अटल रहे। बाबू चतुर्भुज सिंह की प्रतिमा की स्थापना का कार्यक्रम, उन्हीं के द्वारा स्थापित महाविद्यालय के प्रांगण में सम्पन्न हुआ है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबू चतुर्भुज सिंह हर व्यक्ति के सुख-दुख में साथ खड़े होते थे। उनके अन्दर विपरीत परिस्थितियों से जूझने की क्षमता थी। वे सम और विषम परिस्थितियों में कार्य करके, जनहित से जुड़े सभी मुद्दों पर मजबूती के साथ आगे बढ़ने के लिए तत्पर रहते थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बांसगांव ऊर्जा से भरपूर क्षेत्र है। बांसगांव के युवाओं को उचित मार्गदर्शन मिला, तो उसने जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने में कोई कसर नही छोड़ी। बांसगांव की इस धरती से जो भी बाहर गया, यहां का प्रताप, ऊर्जा और परिश्रम सदैव उसके साथ बने रहे। इसी का परिणाम था कि वह जिस क्षेत्र में गया, उसने समाज के सामने कुछ मानक गढ़े।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बांसगांव का विकास काफी पीछे छूट गया था। इसके अनेक कारण थे, जिनमें विपरीत परिस्थितियां, प्रतिवर्ष बाढ़ एवं उपेक्षाएं थीं। यहां पर स्वयं की प्रतिस्पर्धा इतनी प्रबल हो गयी थी कि वह विकास की ओर मुड़ नहीं पा रही थी। इन विपरीत परिस्थितियों में कुछ लोग यहां के विकास के बारे में सोच रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास शिक्षा से होगा, इस बात को बाबू चतुर्भुज सिंह जैसे कुछ लोगों समझा। उन्होंने जवाहर लाल नेहरू महाविद्यालय के रूप में एक महाविद्यालय की स्थापना की। जन सहभागिता से शिक्षा के बड़े-बड़े केन्द्र स्थापित किये जा सकते हैं। शिक्षा के केन्द्र हजारों छात्र-छात्राओं को मार्गदर्शन देने का कार्य कर रहे हैं।

## राजमुंदरी हवाई अड्डे पर नए टर्मिनल की ज्योतिरादित्य सिंधिया ने रखी आधारशिला, 350 करोड़ रुपये की लागत से होगा तैयार



**अमन लेखनी समाचार**

**राजमहेंद्रवरम (आंध्र प्रदेश)।** नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने रविवार को राजमुंदरी हवाई अड्डे पर 350 करोड़ रुपये की लागत से प्रस्तावितनए टर्मिनल की आधारशिला रखी। यह टर्मिनल करीब 17,029 वर्गमीटर क्षेत्रफल में बनने वाला है। भीड़भाड़ के समय यह टर्मिनल अधिकतम 2,100 यात्रियों को संभाल सकता है। इस टर्मिनल की सालाना क्षमता 30 लाख यात्रियों की है।

सिंधिया ने सोशल नेटवर्किंग मंच एक्स पर कहा, आंध्र प्रदेश पारंपरिक त्योहारों, कलाओं और हस्तशिल्प के साथ सांस्कृतिक रूप से समृद्ध राज्य है। राजमुंदरी हवाई अड्डे का विस्तार इस विरासत का संरक्षण और प्रोत्साहन करेगा। नागर विमानन मंत्री के अनुसार, नया टर्मिनल मौजूदा टर्मिनल की तुलना में चार गुना बड़ा होगा। इसे कई पर्यावरण-अनुकूल तकनीकों से लैस किया जाएगा।

**संक्षिप्त समाचार**

## गाजा में इजराइल की बमबारी जारी, मृतकों की संख्या 17 हजार के पार पहुंची

यरुशलम। इजराइल-हमास युद्ध के कारण गाजा में मारे गए लोगों की संख्या 17,700 को पार कर गई है जिनमें करीब दो तिहाई संख्या महिलाओं और बच्चों की है। हमास नियंत्रित क्षेत्र में स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। इजराइल ने दक्षिणी गाजा पट्टी में शनिवार को हवाई हमले और गोलाबारी तेज कर दी। ये हमले अमेरिका द्वारा गाजा में मानवीय आधार पर तत्काल संघर्ष विराम की मांग करने वाले संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव के खिलाफ वीटो का इस्तेमाल करने के एक दिन बाद हुए, जबकि इसे सुरक्षा परिषद के अधिकांश सदस्यों और कई अन्य देशों का समर्थन प्राप्त था। कुल 15 सदस्यीय परिषद में प्रस्ताव के पक्ष में 13 और विरोध में एक मत पड़ा जबकि ब्रिटेन अनुपस्थित रहा।

इजराइल ने कहा कि सात अक्टूबर को इजराइल पर हमास के हमले के बाद जमीनी कार्रवाई में उसके 97 सैनिक मारे गए हैं। हमास के सात अक्टूबर के हमले में करीब 1,200 लोगों की मौत हुई थी जिनमें ज्यादातर आम नागरिक थे और उसने 240 लोगों को बंधक बना लिया था। यमन में ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने धमकी दी है कि गाजा में भोजन और दवाओं की निर्बाध आपूर्ति जब तक सुनिश्चित नहीं की जाती, तब तक वह लाल सागर और अरब सागर से इजराइली बंदरगाहों की ओर जाने वाले हर पोत को रोकेगा। हूती विद्रोहियों ने पिछले सप्ताहों में लाल सागर में कई जहाजों पर हमला किया और इजराइल को निशाना बनाकर ड्रोन और मिसाइल हमले किए। गाजा के एक छोटे से हिस्से में मामूली मानवीय सहायता पहुंच पा रही है। बढ़ते अंतरराष्ट्रीय दबाव के बावजूद अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन का प्रशासन युद्ध विराम का विरोध कर रहा है। उसका तर्क है कि इससे हमास इजराइल के लिए खतरा बना रहेगा।

## शादी की खुशी में चलाई गई गोली, टेंट लगा रहे नाबालिग की मौत

**अमन लेखनी समाचार**

प्रतापगढ़ (उप्र)। प्रतापगढ़ जिले के आसपुर देवसरा क्षेत्र में शादी की खुशी में चलाई गई गोली लग जाने से 16 वर्षीय एक दलित लड़के की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने रविवार को बताया कि आसपुर देवसरा क्षेत्र के कोटिया पूरेधनी में फूलचंद्र दुबे की बेटी की शादी के सिलसिले में शुक्रवार को हल्दी समारोह था और उसी दौरान दुबे के भतीजे पिंटू ने अपनी लाइसेंसी पिस्तौल से खुशी में गोली चलाई जो वहां टेंट लगा रहे दलित किशोर अजय कुमार (16) को लग गयी।

सूत्रों के अनुसार अजय कुमार को गंभीर हालत में प्रयागराज ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान शनिवार को उसकी मौत हो गई। सूत्रों के मुताबिक अजय कुमार के पिता सुरेश की शिकायत के आधार पर पिंटू के खिलाफ भारतीय दंड विधान की धारा 304 (गैर इरादतन हत्या) और अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। अपराध में इस्तेमाल की गई पिस्तौल भी बरामद कर ली गई है। पुलिस ने बताया कि मृतक का पोस्टमार्टम प्रयागराज में कराया गया है।

## पीएम मोदी के नेतृत्व में युवाओं के लिए उत्पन्न हुई व्यापक संभावाएं

**अमन लेखनी समाचार**




नयी दिल्ली। नई सोच, नई जस्बे और नए कदमों के साथ भारत देश बीते एक दशक में आगे बढ़ता जा रहा है। वर्ष 2014 में केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आने के बाद से ही भारत ने ऐतिहासिक विकास की नई बुलंदियों को छुआ है। भारत देश ने इस दशक भर में ऐसा विकाय किया है जो वसुदेव कुटुंबकम की राह को अपनाते हुए सर्वजन हिताय और सर्वजन सुखाय को चरितार्थ कर रहा है। अगर बात ट्रेड और वैश्विक स्तर के इंफ्रास्टक्चर की हो या फिर चंद्रयान 3 के चंद्रमा के दक्षिणी छोर पर सफलता के साथ कदम रख कर दुनिया के साथ चांद पर अपनी छाप छोड़ने की। शिक्षा और रोजगार के माध्यम से युवाओं को सशक्त करने की हो या फिर पैरा एशियाई खेलों में शीतल द्वारा लगाए गए सटीक निशाने की।

ऐतिहासिक रूप से भारत मंडपम में आयोजित हुए जी20 शिखर सम्मेलन की, जहां पूरी दुनिया ने भारत का लोहा माना। अगर बात करें तेजी से आगे बढ़ते भारत के विकास और उसकी सोच को दशार्ती नमो भारत रेल की। प्रधानमंश्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारा तिरंगा देश के हर कोने कोने में पहुंचते हुए शान से लहरा रहा है। दुनिया के हर कोने में भारत की पहुंच लगातार मजबूती के साथ बढ़ती जा रही है। भारत की इस विकास की राह के पीछे एक शानदार सोच है जो पूरे देश को पथ प्रदर्शक बनते हुए आगे ले जा रही है। इसके साथ ही किसी साड़ी में डिजिटल तरीके से पूरा भारत रंगा हुआ है, इसके साथ ही आत्मनिर्भर भारत अभियान भी जुड़ा है जिसकी जद में पूरा देश आ चुका है।

देशभर में विकास के नए आयाम से ही ये संभव हुआ है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व और संभावनाओं को अवसर में बदलने की उनकी क्षमता के कारण भारत विकास की नई उंचाइयों को छूता जा रहा है। इसके साथ ही देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं के लिए देश में उपलब्ध व्यापक संभावनाओं को देखते हुए उनके लिए अर्थव्यवस्था के हर क्षेत्र में रोजगार की भरपूर नए अवसर पैदा किए हैं। देश में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति, नए मेडिकल कॉलेज, आईआईटी, आईआईएम, मेरा युवा भारत पोर्टल, पीएम कौशल विकास योजना, पीएम विश्वकर्म योजना, जैसे कई योजनाओं और प्रयासों की बदौलत युवाओं को विकास के राह में शामिल होने का मौका दिया है। विकास की इस दिशा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा एक और अभियान चलाया जा रहा है जो की रोजगार मिला है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि 1 वर्ष में 10 लाख युवाओं को सरकारी नौकरियों में शामिल किया जाए।

# छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री बने विष्णु देव साय

## कहा- पीएम की गारंटी पूरा करुंगा

**अमन लेखनी समाचार**

नयी दिल्ली। पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनावों के नतीजे आने के एक सप्ताह बाद छत्तीसगढ़ में भाजपा ने अपने नए मुख्यमंत्री का ऐलान किया है। छत्तीसगढ़ के नए मुख्यमंत्री आदिवासी नेता विष्णु देव साय होंगे, जिन्होंने विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद बयान भी जारी किया है। उन्होंने पर्यवेक्षकों के साथ हुई लंबी बैठक के बाद नाम पर फैसला आने के बाद कहा कि मैं पूरी ईमानदारी के साथ सबके विश्वास पर खरा उतरने की कोशिश करुंगा। मोदी की गारंटी के तहत छत्तीसगढ़ की जनता से किए वादों को पूरा करुंगा।

मुख्यमंत्री के तौर पर चुने जाने के बाद विष्णु देव साय ने संवाददाताओं से बात की। उन्होंने कहा कि राज्य में पहला काम 18 लाख आवास दिए जाने का होगा। उन्होंने एक और घोषणा राज्य के किसानों के लिए की है। उन्होंने कहा कि आगामी 25 दिसंबर को अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्मदिन के मौके पर सभी कृषकों के खाते में दो वर्षों का बोनस ट्रांसफर किया जाएगा। चुनाव में जाने के दौरान



भाजपा ने किसानों से 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदने और महिलाओं को प्रति वर्ष 12 हजार रुपए देने समेत कई वादे किए हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सभी ने मिलकर मुझे विधायक दल का नेता चुना है। मैं आनंदित हूं और पार्टी को धन्यवाद करना चाहता हूं। उन्होंने गांव के छोटे से कार्यकर्ता को छत्तीसगढ़ का नेतृत्व करने का मौका दिया है। इस दौरान उन्होंने पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व (प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, पार्टी अध्यक्ष जे.पी. नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह) का भी आभार जताया है।

### साय को चुना विधायक दल का नेता

मुख्यमंत्री का नाम तय होने के बाद रविवार को पर्यवेक्षकों की उपस्थिति में पार्टी के नव निर्वाचित विधायकों के दल का नेता चुना है। पार्टी नेताओं ने बताया कि राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह ने साय के नाम का प्रस्ताव किया तथा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव और वरिष्ठ नेता बृजमोहन अग्रवाल ने उनका समर्थन किया।

## 8.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ न्यूनतम तापमान, बहुत खराब श्रेणी में वायु गुणवत्ता

**अमन लेखनी समाचार**

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में रविवार को न्यूनतम तापमान मौसम के औसत तापमान से एक डिग्री कम 8.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, दिल्ली में न्यूनतम तापमान 8.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। शहर का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) सुबह नौ बजे 314 दर्ज किया गया जो बहुत खराब श्रेणी में आता है।

शनिवार शाम छह बजे एक्यूआई 322 दर्ज किया गया। आईएमडी के अनुसार, सापेक्षिक आर्द्रता सुबह साढ़े आठ बजे 88 फीसदी दर्ज की गयी। मौसम विभाग ने रविवार को आसमान मुख्यतः साफ रहने का अनुमान जताया है। दिल्ली में अभी तक नवंबर में गंभीर वायु गुणवत्ता वाले 10 दिन दर्ज किए गए हैं। शून्य और 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा, 51 और 100 के बीच को संतोषजनक, 101 और 200 के बीच को मध्यम, 201 और 300 के बीच को खराब, 301 और 400 के बीच बहुत खराब, 401 और 450 के बीच गंभीर और 450 से ऊपर अति गंभीर माना जाता है।

## करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव गोगामेड़ी की हत्या करने वाले दोनों शूटर्स गिरफ्तार


**अमन लेखनी समाचार**





नई दिल्ली। राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या में शामिल दोनों शूटर्स को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की स्पेशल टीमों ने शनिवार 9 दिसंबर की देर शाम को चंडीगढ़ में एक शराब ठेके के ऊपर बने कमरे में छिपे दोनों हमलावरों रोहित राठौड़ और नितिन फौजी को पहले हिरासत में लिया। शुरूआती पूछताछ के बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। इससे पहले राहुल और नितिन को फरार कराने में सहयोग करने वाले रामवीर को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया था। कई राज्यों में दोनों आरोपी छिपने के बाद चंडीगढ़ पहुंचे थे। सेक्टर 22 चंडीगढ़ से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। अब आरोपियों को पुलिस जयपुर लेकर आ रही है। पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने मामले की जानकारी दी है। राजस्थान प्रदेश के जयपुर जनपद के श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की मंगलवार दोपहर जयपुर में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हमलावरों ने उनके घर के बाहर उन पर फायरिंग की और फरार हो गए थे। सुखदेव सिंह गोगामेड़ी को मेट्रो मास अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था। इस फायरिंग में अजीत सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घटना के समय अजीत गोगामेडी के साथ थे। पुलिस के मुताबिक, सुखदेव सिंह गोगामेड़ी का घर श्याम नगर जनपथ पर है। मंगलवार दोपहर करीब 1:30 बजे दो बदमाश उनके घर पहुंचे. सुखदेव सिंह गोगामेड़ी के आते ही बदमाशों ने उन पर फायरिंग शुरू कर दी। सूत्रों के मुताबिक, गोगामेड़ी को चार गोलियां लगीं. इसके बाद बदमाश फरार हो गए, लेकिन उन्होंने भागने के लिए एक कार को हाईजैक करने की कोशिश की, लेकिन ड्राइवर ने कार भगा दी। तभी उन्होंने पीछे से आ रहे एक सवार से स्कूटी छीन ली और भाग निकले। श्याम नगर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

## नैनीताल हाइवे पर भीषण सड़क हादसा, डंपर से टकराई कार, आठ लोग जिंदा जले



**अमन लेखनी समाचार**

बरेली। नैनीताल हाईवे पर हुए एक भीषण सड़क हादसे में आठ लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई। मारुति की आर्टिका कार का टायर फट जाने से ये यह हादसा हुआ। कार का टायर फटने से कार दूसरी साइड से आ रहे डंपर से टकरा गई। दोनों गाड़ियों की टक्कर से काफी तेज धमाका हुआ। टक्कर के बाद कार और डंपर में आग की तेज लपटें थीं। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने फायर ब्रिगेड को बुलाकर आग पर काबू पाया। हालांकि, कार अंदर से लॉक हो जाने की वजह से गाड़ी के अंदर सभी यात्री फंस गए और उनकी जिंदा जलकर मौत हो गई। बरेली से बहेड़ी वापस जाते समय यह हदसा हुआ। अर्टिका कार में आठ लोग सवार थे। एसएसपी ने कार सवार सभी की मौत की पुष्टि की। पुलिस टीम ने सभी शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे में एक बच्चे की भी मौत हो गई। मामला भोजीपुरा थाना का है।

## भगवंत मान सरकार तुहाडे द्वार योजना को केजरीवाल ने दिखाई हरी झंडी

**अमन लेखनी समाचार**



लुधियाना (पंजाब)। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने लोगों को उनके घरों तक नागरिक-केंद्रित सेवाएं मुहैया कराने के उद्देश्य से रविवार को भगवंत मान सरकार तुहाडे द्वार योजना की शुरूआत की। इस योजना के तहत लोगों को जन्म, विवाह, मृत्य, आय, निवास, जाति, ग्रामीण क्षेत्र, सीमा क्षेत्र, पिछड़ा वर्ग, पेंशन के प्रमाणपत्र जारी करने, बिजली बिल के भुगतान और भूमि सीमांकन समेत 43 सेवाएं उपलब्ध होंगी।

योजना की शुरूआत करने के बाद यहां एकत्रित लोगों को संबोधित करते हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल ने कहा कि यह न केवल पंजाब बल्कि देश के लिए भी एक ऐतिहासिक दिन है। मान के साथ आए केजरीवाल ने कहा, पंजाब में शुरू किया जा रहा काम किसी क्रांति से कम नहीं है। यह एक क्रांतिकारी कदम है। आपको दफ्तर जाने की जरूरत नहीं है। आपका काम घर बैठे ही हो जाएगा।

उन्होंने कहा कि 43 सरकारी सेवाएं लोगों को उनके घरों तक मुहैया करायी जाएगी। उन्होंने कहा कि इन सेवाओं का लाभ उठाने के लिए लोगों को हेल्पलाइन नंबर 1076 पर संपर्क करना होगा। आप नेता ने कहा कि लोग अपनी सुविधा के अनुसार काम की जानकारी देकर सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में उनकी सरकार ने 2018 में यह सेवा शुरू की थी।

# आपका विधायक आपके द्वार कार्यक्रम के तहत टीम राजेश्वर ने सुनी जनसमस्याएं

### निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार



**बन्थरा।** विधायक राजेश्वर सिंह द्वारा रविवार को सरोजनी नगर के ग्राम पंचायत भौकापुर के पंचायत भवन रामगढ़ी पर आपका विधायक आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जनसुनवाई व निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया।

स्वर्गीय तारा सिंह की स्मृति में आयोजित इस शिविर में आम जनता की समस्याओं को विधायक कार्यालय की टीम व भाजपा के वरिष्ठ नेता शिव शंकर सिंह ह्लशंकरी ह्ल द्वारा सुना गया

भौकापुर चकरोड मार्ग बनवाने ,विधवा पेंशन , नाली,आवास , सड़क ,प्राचीन पचकरिया माता मंदिर सौंदरीयकरण एवं मंदिर मुख्य मार्ग बनवाने तथा बारात घर संबंधित 45 समस्याएँ सुनी गई।कार्यक्रम में छात्रो को भविष्य के लिए तैयार करने के उद्देश्य से उनका मार्गदर्शन और उन्हें प्रोत्साहित करने की दिशा में डॉ राजेश्वर सिंह द्वारा गाँव की शान कार्यक्रम के अन्तर्गत गाँव के अनुराग सिंह, अभिषेक कुमार ,लालती यादव ,अनुराधा आदि मेधावियों को प्रशस्ति पत्र , दीवार घड़ी और साइकिल देकर सम्मानित भी किया गया । इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता शिव शंकर सिंह शंकरी ने कहा कि किसी भी देश के निर्माण और विकास के लिए समाज में युवाओं की भूमिका आवश्यक है।वे भविष्य के नेता, निर्णय-निमार्ता और नवप्रवर्तक हैं जो राष्ट्र की भविष्य की दिशा को आकार देंगे। इसलिए विधायक उनकी सफलता को सम्मानित करते है ।यहां विधायक की टीम ने लोगों से सहजतापूर्वक संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। साथ ही विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा क्षेत्र में कराये जा रहे विकास कार्यों से भी ग्रामवासियों को अवगत कराया। शिविर के दौरान जन समस्याओं के निदान के लिए उनकी टीम जितनी तत्पर दिखी उतना ही सहज जनता भी दिखाई दी। क्षेत्रीय जनता ने समस्याओं से निदान हेतु विधायक द्वारा प्रारंभ अभिनव पहल 'आपका विधायक, आपके द्वार जनसुनवाई शिविर के लिए उनका आभार व्यक्त किया।इस दौरान माता तारा सिंह जी की प्रेरणा से आरंभ हुए 'तारा शक्ति निःशुल्क रसोई' के माध्यम से मौजूद लोगों को ताजा व स्वादिष्ट भोजन भी कराया गया।

युवाओं को खेल के अवसर दिलाने तथा खेल संसाधनों के प्रसार के लिए भौंकापुर यूथ क्लब का गठन कर वॉलीबॉल किट प्रदान की गई ।सबसे बुजुर्ग 80 वर्षीय मुरारी रावत को विधायक की टीम ने भेंट कर उन्हें श्रीमद्भगवतगीता, व उपस्थित चार अन्य लोगों को अंगवस्त्र व सहायता राशि देकर सम्मानित किया। इस मौके पर स्वास्थ्य परीक्षण में करीब 50 से अधिक ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवाइयां वितरित की गई ।कार्यक्रम में विधायक कार्यालय प्रभारी पार्षद के० एन० सिंह , भाजपा नेता विनय दीक्षित ,प्रधान अर्जुन लोधी पूर्व ज़ि० प० स० प्रमोद गौतम बी० पी० तिवारी राजेश त्रिपाठी मण्डल उपाध्यक्ष राजू शुक्ला नाहर सिंह विकास सिंह अंचल गौतम , महेश कुमार देव , अनिल दीक्षित , अमित त्रिवेदी थानेस्वर मौर्य सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# मायावती ने भरी हुंकारः कहा- डबल मेहनत करके लौटेंगे सत्ता में, नहीं चलेगा 'वोट हमारा राज तुम्हारा' वाला पैटर्न

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ**, बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कहा कि विरोधी पार्टियों द्वारा जनहित, देशहित की नीति व सिद्धांत के बजाए धनबल, लुभावने वादों व छलावे वाले दावों की राजनीति की जा रही है। इस फाउल प्ले का सामना करने के लिए डबल मेहनत से संगठन मजबूत करना है, ताकि वोट हमारा, राज तुम्हारा की शोषणकारी व्यवस्था से सर्वसमाज को मुक्ति मिल सके।

रविवार को पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में आयोजित ऑल इंडिया बैठक में मौजूद पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए बसपा सुप्रीमो ने कहा कि विरोधी पार्टियां हजारों करोड़ रुपये के चंदे के बल पर शाही चुनाव लड़कर जनमत प्रभावित करती हैं। वहीं बसपा केवल अपने लोगों के खून-पसीने की कमाई पर ही आश्रित है। उन्हीं के तन, मन, धन के बल पर चुनाव लड़ती है। लोगों को बताना जरूरी है कि चुनावी स्वार्थ से अलग हटकर उनका असली हितैषी कौन है ? चार राज्यों के हालिया विधानसभा चुनाव में विरोधी पार्टियों ने चुनाव आचार संहिता की धज्जियां उड़ा दी।

चुनाव का माहौल बहुकोणीय संघर्ष होने के बावजूद परिणाम एकतरफा होना चर्चा का विषय है। लोगों को सावधान करना जरूरी है कि लुभावने वादों, छद्म दावों व चतुर नारों से उनका जीवन सुधरने वाला नहीं है। उन्होंने सवाल किया कि क्या चुनावी चर्चा व मीडिया की हेडलाइन में बिना रोक-टोक बने रहने का विरोधी पार्टियों का प्रयास देश में स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए उचित है ? उसी का नतीजा है कि सरकार विरोधी लहर के बावजूद चुनाव परिणाम लोगों के अपेक्षा के मुताबिक नहीं होते हैं। आगे लोकसभा चुनाव में भी माहौल को जातिवादी और सांप्रदायिक बनाने का प्रयास किया जायेगा ताकि महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी व पिछड़ेपन आदि से लोगों का ध्यान बांटा जा सके।

## सस्ती लोकप्रियता वाले काम नहीं किए

मायावती ने कहा कि बसपा सरकार में बेरोजगारी भत्ता अथवा पांच किलो सरकारी अनाज आदि देने जैसे सस्ती लोकप्रियता वाले कार्य नहीं किये गये, बल्कि लोगों को इज्जत से जीने के लिए लाखों की संख्या में सरकारी व गैर सरकारी स्थायी रोजगार मुहैया कराने का रिकार्ड कायम किया गया। स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराकर पलायन भी रोका गया, जिसमें यूपी की अब तक की सरकारें विफल रही हैं।

# ई-रिक्शा से बैट्रिया उड़ाने वाले बैखोफ चोरो पर नहीं दर्ज किया मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** मोहनलालगंज कस्बे में सात दिन पहले बैखोफ चोरो ने पुलिस पिकेट से 70मीटर दूरी पर स्थित अधिवक्ता के घर के बाहर खड़े ई रिक्शा को जंजीरो व ताले काटकर चोरी कर फुलवरिया मोड़ के पास स्थित एक सुनसान प्लाटिंग में ले जाकर बैट्रियों समेत अन्य सामान चोरी कर ई-रिक्शा को लावारिस छोड़कर फरार हो गये थे।अधिवक्ता के पीड़ित बेटे ने पुलिस से लिखित शिकायत कर अज्ञात चोरो पर कार्यवाही की मांग की थी लेकिन लापरवाह बनी मोहनलालगंज पुलिस ने घटना के एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी अज्ञात चोरो पर मुकदमा नही दर्ज किया।जिसको लेकर कस्बे के लोगो में आक्रोश व्याप्त है।पीड़ित ई रिक्शा मालिक ने पूरे मामले की डीसीपी समेत उच्चाधिकारियों से शिकायत की बात कही है।ज्ञात हो मोहनलालगंज कस्बे में स्थित सिविल लाइन मोहल्ले में वरिष्ठ अधिवक्ता काली शंकर चौरसिया अपने परिवार के साथ रहते है,बीते सोमवार की देर रात बैखोफ चोर जंजीरो व ताले से बंधकर घर के दरवाजे पर खड़े उनके बेटे अमित चौरसिया का ई-रिक्शा बैखोफ चोर उड़ा ले गये थे ओर फुलवरिया मोड़ के पास स्थित एक प्लाटिंग में ले जाकर उसमें लगी पांच बैट्रिया व अन्य सामान चोरी कर ई रिक्शा को लावारिस छोड़कर फरार हो गये थे।घटना के दूसरे दिन मगंलवार की सुबह सोकर उठे अधिवक्ता के बेटे ने जंजीरे वा ताले टूटे देख व ई रिक्शा गायब देखा तो चंद कदम पर स्थित पुलिस पिकेट में मौजूद पुलिसकर्मियों को सूचना दी।जिसके बाद चोरी हुये ई रिक्शा की तलाश शुरू हुयी तो प्लाटिंग में लावारिस मिला ओर उसमें लगी बैट्रिया व अन्य सामान गायब था।जिसके बाद पीड़ित ने पुलिस से पूरे मामले की लिखित शिकायत कर अज्ञात चोरो पर मुकदमा दर्ज कार्यवाही की मांग की।हालाकि घटना के छःदिन बीत जाने के बाद भी अज्ञात चोरो पर मुकदमा दर्ज कर तलाशने की बजाय पूरे मामले ? को ठंडे बस्ते में डाल दिया।जिसको लेकर कस्बे के लोगो में आक्रोश व्याप्त है।

# आधी आबादी का पूरा भरोसा जीतने में जुटेगी भाजपा, महिला वोट बैंक साधने पर हुआ मंथन

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा ने आधी आबादी (महिलाओं) का पूरा भरोसा जीतने की तैयारी की है। पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव तक नौ अभियानों के जरिये महिलाओं के प्रत्येक वर्ग में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएगी। पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में रविवार को आयोजित क्षेत्रीय कार्यशाला में आठ प्रदेशों की महिला मोर्चा की पदाधिकारी शामिल हुई। कार्यशाला में उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, मध्यप्रदेश, राजस्थान और ओडिशा की महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश महामंत्री और अभियानों की प्रभारी शामिल हुई। नौ सत्रों में आयोजित कार्यशाला में प्रत्येक सत्र में महिलाओं से लगातार संपर्क और समन्वय बनाकर वोट बैंक मजबूत करने की रणनीति पर मंथन हुआ। मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ज्योति बेन पांडेया ने



कार्यशाला में बताया कि नवयुवती सम्मेलन के जरिये 18 से 25 वर्ष की युवतियों से संपर्क उन्हें पार्टी से जोड़ना है।

एनजीओ से संपर्क अभियान, स्मार्ट महिला अभियान, स्पोर्ट्स वीमेन समूह संपर्क अभियान, वीमेन ट्रेवलर संपर्क, महिला लेखक एवं पत्रकार संपर्क, घर-घर संपर्क और स्वयं सहायता समूह संपर्क अभियान चलाया जाएगा।

## महिलाएं मोदी को लगातार तीसरी बार पीएम बनाएंगी

भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष गीता शाक्य ने कहा कि देश की महिलाएं मोदी पर विश्वास करती हैं। महिलाएं पूरी तरह भाजपा के साथ है। वहीं सीएम योगी आदित्यनाथ ने महिलाओं को सुरक्षा व स्वावलंबन दिया है। महिलाएं 2024 में लगातार तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाएंगी।

## आधी आबादी बनाएगी भारत को आत्मनिर्भर

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि भाजपा सेवा भाव के साथ राजनीति करने में विश्वास करती है। प्रत्येक क्षेत्र में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ रहा है और आधी आबादी की आत्मनिर्भरता के साथ ही भारत की आत्मनिर्भरता का संकल्प भी पूर्ण होगा। प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने कहा कि अभियान महिलाओं की सरकार तथा संगठन से अपेक्षाओं को उचित मंच तक पहुंचाने का सही माध्यम है। उन्होंने कहा कि आगामी समय में शुरू होने वाले अभियानों में प्रदेश इकाई प्रभावी कार्य करेगी। कार्यशाला में कार्यशाला में मोर्चा उषा बाजपेयी, डॉ. कायनात काजी, आयुषी श्रीमाली, नीतू डवास, डा. ममता रानी, निशा सिंह, डा. कीर्तिका अग्रवाल, ऊषा मौर्या, पूजा मिश्रा प्रमुख रूप से उपस्थित रही।

# शुरू हुआ पल्स पोलियो अभियान

### प्रदेश में 2.25 करोड़ बच्चों को पोलियो से बचाव की दवा पिलाई जाएगी

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** शून्य से पाँच साल तक के बचों को पोलियो से बचाव की दवा पिलाने के लिए सघन पल्स पोलियो अभियान रविवार को शुरू हुआ इस संबंध में राज्य प्रतिरक्षण अधिकारी डा. अजय गुप्ता ने बताया कि यह अभियान प्रदेश के 50 जनपदों में चलेगा, जिसमें 2.25 करोड़ बच्चों को पोलियो से बचाव की दवा पिलाई जाएगी॰ अभियान के पहले दिन 77,000 बूथ के माध्यम से पोलियो से बचाव की दवा पिलाने का लक्ष्य है॰ अभियान के दौरान 48,000 टीमों एवं 15,000 पर्यवेक्षकों के द्वारा घर झघर जाकर शून्य से पाँच साल तक के बच्चों को पोलियो से बचाव की दवा पिलाई जाएगी॰ इसके साथ ही 4300 ट्रांजिट टीमें और 1300 मोबाइल टीम बस और टैंपो स्टैन्ड, रेलवे स्टेशन, ईंट भट्टों सहित दूरस्थ क्षेत्रों में काम करेंगी

प्रदेश पिछले 13 साल से पोलियो मुक्त है॰ आखिरी केस 21 अप्रैल 2010 को फिरोजाबाद में मिला था॰ पोलियो वायरसजनित बीमारी है इसलिए इसके संक्रमण को फैलाने में घुमंतू, मलिन बस्ती, ईंट भट्टे , फैक्ट्री, निमार्णाधीन स्थलों में रहने वाले परिवारों की अहम भूमिका होती है॰ इसी क्रम में पूरे प्रदेश में 26,443 घुमंतू आबादी वाले क्षेत्रों में 6,85,424 परिवारों को चिन्हित किया गया है राज्य प्रतिरक्षण अधिकारी ने बताया कि नेपाल बॉर्डर पर 30 टीकाकरण पोस्ट स्थापित किए गये हैं॰ इसके साथ ही प्रदेश के सभी जनपदों में पोलियो संक्रमित देशों पाकिस्तान, अफगानिस्तान, नाइजीरिया, सोमालिया, सीरिया, कैमरून, कीनिया और इथोपिया से आने-जाने वाले सभी यात्रियों को पोलियो वैक्सीन से आच्छादित किया जाता है॰ फरवरी 2014 से नवंबर 2023 तक 1,59,919 यात्रियों को पोलियो की वैक्सीन से आच्छादित किया जा चुका है राज्य प्रतिरक्षण अधिकारी ने आम जनता से अपील की है कि अभिभावक अपने पाँच साल तक के बच्चों को पोलियो से बचाव की दो बूंद जरूर पिलाएं

# श्रीराम क्षत्रिय सेना के तत्वावधान में अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की श्रद्धांजलि सभा का हुआ आयोजन



अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** श्रीराम क्षत्रिय सेना लखनऊ जिला इकाई के तत्वावधान में राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की श्रद्धांजलि सभा का आयोजन जय अम्बे विद्यालय अर्जुन विहार पारा रोड राजाजीपुरम, लखनऊ में किया गया । संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमुना बक्स सिंह निर्भय ने कहा कि सुखदेव सिंह गोगामेड़ी ने सदैव राष्ट्र व समाज के हित में कार्य किया है और सुखदेव सिंह गोगामेड़ी के हत्यारों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाये। सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या होना अत्यंत निंदनीय व अपूरणीय क्षति है ।दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। जिला अध्यक्ष विजय सिंह धाकरे, जिला उपाध्यक्ष योगेश सिंह सिसौदिया, जिला संगठन मंत्री संजय सिंह, जिला मंत्री सम्राट सिंह, जिला मंत्री जीतेन्द्र सिंह, जिला मीडिया प्रभारी डी पी सिंह चौहान,जिला प्रवक्ता राजेश सिंह चौहान,तहसील अध्यक्ष राघवेन्द्र सिंह चौहान आदि उपस्थित रहे ।

# आठ परिकल्पनाओं के आधार पर भव्य स्वरूप ले रही प्रभु श्रीराम की अयोध्या

- अयोध्या के प्राचीन वैभव को पुनर्प्रतिस्थापित करने में जुटी मोदी-योगी सरकार
- सांस्कृतिक, सक्षम, आधुनिक, सुगम्य, सुरम्य, भावात्मक, स्वच्छ और आयुष्मान अयोध्या के रूप में डेवलप हो रही राम नगरी
- 178 परियोजनाओं पर डबल इंजन सरकार खर्च कर रही 30.5 हजार करोड़ से अधिक धनराशि
- बेहतरीन कनेक्टिविटी, आधुनिक इंन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ ही सोलर सिटी बनने जा रही अयोध्या

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** कभी पृथ्वी की अमरावती कही जाने वाली और पवित्र सप्तपुरियों में से एक अयोध्या का गुणगान वेद-पुराण सहित तमाम ग्रंथों में है। मान्यता है कि भगवान श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या की रचना स्वयं देवताओं ने की थी और यहीं से महाराज मनु ने पृथ्वी पर मनुष्यों की दुनिया का सृजन किया था। हालांकि अरब-मुगल आक्रांताओं और ब्रिटिश गुलामी काल खंड के लगभग हजार वर्ष में इस महान नगर की कीर्ति धूमिल पड़ गई, जिसे पुनर्प्रतिस्थापित करने के लिए मोदी-योगी की डबल इंजन सरकार तेजी से कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अवधपुरी के चतुर्दिक विकास के लिए आठ परिकल्पनाओं के आधार पर कार्य हो रहे हैं, जिससे एक बार फिर साकेतपुरी को समस्?त ऐश्?वर्यपूर्ण नगरी बनाने का सपना साकार होने लगा है।

2014 में केंद्र में मोदी सरकार और 2017 में उत्तर प्रदेश में योगी सरकार आने के बाद से ही अयोध्या के चहुंमुखी विकास का खाका खींचकर मिशन मोड में कार्य शुरू हुआ।एक के बाद एक लगभग 30.5 हजार करोड़ की 178 परियोजनाओं के जरिए अयोध्या को विश्वस्तरीय नगर के रूप में विकसित करने का संकल्प अब सिद्धि तक पहुंचने जा रहा है। दरअसल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पहले दिन से ही अवधपुरी के वैभव को पुनर्प्रतिस्थापित करने के लिए जिन आठ परिकल्पनाओं को ही आधार बनाकर कार्य करने के निर्देश अधिकारियों को दे दिये थे, वह मूर्तरूप होने लगा है।

क्या हैं ये आठ परिकल्पनाएं

भगवान विष्णु के चक्र पर स्थित साकेतपुरी को सांस्कृतिक अयोध्या, सक्षम अयोध्या, आधुनिक अयोध्या, सुगम्य अयोध्या, सुरम्य अयोध्या, भावात्मक अयोध्या, स्वच्छ अयोध्या और आयुष्मान अयोध्या के रूप में धरातल पर उतारने का कार्य योगी सरकार तेजी के साथ आगे बढ़ रहा है।

सांस्कृतिक अयोध्या : इस परिकल्पना के अंतर्गत अवधपुरी का विकास भारत की सांस्कृतिक राजधानी के रूप में विकसित किया जाना है।मठ, मंदिरों और आश्रमों को भव्य रूप प्रदान करना हो या वैभवशाली नगर द्वारों का निर्माण, इसके अलावा मंदिर संग्रहालय जैसे तमाम कार्य इसी परिकल्पना के आधार पर किये जा रहे हैं।

सक्षम अयोध्या : इस परिकल्पना के अंतर्गत अयोध्या को पूरी तरह से आत्मनिर्भर नगरी के रूप में डेवलप किया जा रहा है।जहां रोजी-रोजगार, पर्यटन, धर्म और सांस्कृतिक गतिविधियों के जरिए बड़े पैमाने पर रोजगार का सृजन होगा।

आधुनिक अयोध्या : आजादी के 70 साल बाद तक अपनी दुर्दशा पर आंसू बहाने वाली इस पवित्र नगरी को आज हर प्रकार की आधुनिक सुविधाओं वाला नगर बनाया जा रहा है। स्मार्ट सिटी, सेफ सिटी, सोलर सिटी, ग्रीन फील्ड टाउनशिप जैसे तमाम योजनाएं इसी विचार के परिणाम स्वरूप आकार ले रही हैं।

सुगम्य अयोध्या : चाहे मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का निर्माण हो, अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन का कायाकल्प हो या फिर सरयू को इनलैंड वाटरवे से जोड़ने का कार्य, योगी सरकार अयोध्या तक पहुंच को हर प्रकार से सुगम्य बना रही है।इसके अलावा विभिन्न पथों के जरिए भी इस पुण्यदायिनी नगरी तक आस्थावान आसानी से पहुंच सकेंगे।

सुरम्य अयोध्या : अयोध्या के विभिन्न कुंडों, तालाबों और प्राचीन सरोवरों के सौंदर्यीकरण की बात हो या पुराने उद्यानों का कायाकल्प और नये उद्यानों का निर्माण कार्य। या फिर हेरिटेज लाइटों के जरिए शहर को तारों के जंजाल से मुक्ति दिलाकर सुंदर स्वरूप प्रदान करना हो। सड़कों को फसाड लाइटिंग से जगमग करना और इन जैसी तमाम योजनाओं के जरिए अवधपुरी को मनमोहक नगरी के रूप में विकसित किया जा रहा है।

भावात्मक अयोध्या : प्रभु श्रीराम की जन्मभूमि और लीला स्थली से पूरी दुनिया के सनातनियों का भावनात्मक जुड़ाव है। ऐसे में अवधपुरी के कण कण से मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम से जुड़ने का भाव परिलक्षित होना चाहिए। इसे देखते हुए शहर की दीवारों, सड़क के कनारे, चौराहों को सांस्कृतिक रूप से सुसज्जित किया जा रहा है।

स्वच्छ अयोध्या : स्मार्ट सिटी के रूप में स्वच्छ अयोध्या योगी सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता है। नगर में साफ-सफाई से लेकर ड्रेनेज और सीवर सिस्टम पर अभूतपूर्व कार्य हो रहे हैं। पर्यटन और धार्मिक आस्था के केंद्र के रूप में विकसित हो रही अयोध्या को देश की सबसे स्वच्छ नगरी बनाने का संकल्प भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पहले ही ले लिया है।

आयुष्मान अयोध्या : रोगियों को गुणवत्तापूर्ण व सुविधा आधारित चिकित्सीय सुविधा प्रदान करने के लिए अयोध्या के हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर को पहले से काफी मजबूत किया गया है। यही नहीं राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज एम्स द्वारा देश के पांच मेडकल कॉलेजों में से एक है जहां आपातकालीन चिकित्सीय सुविधा पर बड़े स्तर पर शोध कार्य भी हो रहा है। रामाराज्य की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में योगी सरकार का लक्ष्य अयोध्या को आयुष्मान नगरी के रूप में विकसित करना है।

# प्राइवेट स्कूल की तर्ज पर टूर करेंगे सरकारी प्राइमरी स्कूलों के बच्चे, विभाग ने स्वीकृत की धनराशि

अमन लेखनी समाचार



**लखनऊ,** प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों के बच्चों को भी प्राइवेट स्कूलों के बच्चों की भांति अब भ्रमण कराया जाएगा। इसके तहत परिषदीय विद्यालयों के बच्चों को उनके जिले के ऐतिहासिक स्मारक व धरोहरों का भ्रमण कराया जाएगा। इसके लिए बजट शासन की ओर से दिया जाएगा।

विद्यालयों में बच्चों की रुचि बढ़ाने, उनकी उपस्थिति बढ़ाने व उनके स्कूल में ज्यादा समय तक रुकने के लिए विभाग की ओर से काफी प्रयास किया जा रहा है। इसी के तहत अब उन्हें फील्ड विजिट पर ले जाया जाएगा। उन्हें देश-प्रदेश की समृद्ध व पुरातन ऐतिहासिक स्मारक व धरोहरों का भ्रमण कराया जाएगा। इसके लिए उनसे कोई शुल्क भी नहीं लिया जाएगा।

राज्य परियोजना निदेशालय की ओर से इसके लिए हर जिले के लिए एक-एक लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इसमें उनके लिए वाहन से लेकर नाश्ता-खाने की व्यवस्था की जाएगी। फील्ड विजिट पर उनके साथ हर बीच बच्चे पर एक शिक्षक की तैनाती होगी।

## बीएड-टीईटी अभ्यर्थियों का पैसा वापस करने का निर्देश

परिषदीय विद्यालयों में 72825 शिक्षक भर्ती में बीएड व टीईटी पास अभ्यर्थियों से ली गई राशि वापस करने के निर्देश दिए गए हैं। राज्य शैक्षिक अनुसंधान व प्रशिक्षण परिषद ने न्यायालय के निर्देश के क्रम में सभी डायट प्राचार्य को इसे जल्द पूरा कर इसकी सूचना उपलब्ध कराने को कहा है।

# पल्स पोलियो अभियान की हुई शुरूआत



अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में 10 दिसंबर से पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत की गई है। इस अभियान के तहत 5 साल तक के बच्चों को पोलियो ड्रॉप्स पिलाई गई।

## क्यों जरूरी है बच्चों के लिए पोलियो की बूंद

इस संबंध में निखिल मिश्रा ने बताया कि पोलियो जल्दी से फैलने वाली एक बीमारी है। जो ज्यादातर छोटे बच्चों को ज्यादा प्रभावित करती है।यह एक जानलेवा बीमारी है जो बच्चों के सीधा नर्वस सिस्टम पर अटैक करती है। इसलिए पोलियो का टीकारण बेहद जरूरी है।

# चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट को राष्ट्रपति के आगमन के दौरान छावनी में किया गया तब्दील

अमन लेखनी समाचार

**सरोजनीनगर-लखनऊ।** राश्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु के आगमन को देखते हुए चौधरी चरण सिंह अन्तर्राश्ट्रीय एयरपोर्ट को छावनी में तब्दील कर दिय गया है। राश्ट्रपति की सुरक्षा में कोई चुक न हो इसके लिए रविवार को पूरा दिन एयरपोर्ट के आसपास सघन चेकिंग अभियान चलाया गया और कई स्थानों पर बैरियर भी बनाये गये है। राश्ट्रपति के स्वागत व यहां से उनका काफिला निकालने को लेकर पूर्वाभ्यास भी किया गया।

उल्लेखनीय है कि राश्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु सोमवार की शाम 04:50 बजे चौधरी चरण सिंह अन्तर्राश्ट्रीय एयरपोर्ट पहुगी। राज्य सरकार द्वारा यहां वीआईपी हैंगर में उनका स्वागत किया जाएगा। इसके बाद उनका काफिला डिवाइन हार्ट द्वारा आयोजित कार्यक्रम के लिए रवाना होगा। काफिला निकलने के दौरान यातायात बाधा न बने इसके लिए कानपुर रोड से वीआईपी हैंगर की तरफ आने वाले वाहनों पर रोक लगा दी गई है। इसके अलावां शहीद पथ तिराहे से कमता की तरफ जाने वाले वाहन पुरानी चुंगी होकर जाएगे। एयरपोर्ट परिसर में कई स्थानों पर सौंदर्यीकरण और रंगरोगन का भी किया गया। राश्ट्रपति के काफिले को निकलाने के लिए सोमवार को पूर्वाभ्यास भी किया गया। इस दौरान पुलिस के आला अधिकारियों के साथ ही औद्योगिक सुरक्षा बल के अधिकारी भी मुस्तैद रहे।

# सगे भाईयों को घर में घुसकर पीटा, मुकदमा दर्ज

लखनऊ।मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के दहियर गांव निवासी शमशेर ने पुलिस से लिखित शिकायत करते हुये बताया बीते शनिवार की रात वो अपने घर पर भाई सहदेव के साथ बैठा था तभी शैलेन्द्र, अलेन्द्रर, कुलदीप, अनूप, जीतू अमन लाठी डंडो से लैस होकर आ धमके ओर बिना किसी बात के भाई सहदेव व उसकी बुरी तरह पिटाई कर घायल कर दिया ओर जान से मारने की धमकी देते हुये मौके से भाग निकलें।अतिरिक्त इंस्पेक्टर ने बताया पीड़ित की तहरीर पर आधा दर्जन आरोपियों पर मारपीट, बलवा की धाराओ में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी हैं।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा में विधायक को किया सम्मानित

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के अंतर्गत अपने विधानसभा क्षेत्र के विकास खंड सफीपुर की ग्राम पंचायत बम्हना व बृजपालपुर में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक बंबा लाल दिवाकर ने सम्मिलित होकर लोगों को केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराते हुये लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड एवं स्वीकृति पत्र वितरित किए एवं उपस्थित जनमानस को संबोधित कर राष्ट्र के प्रति पूर्ण समर्पण एवं कृतज्ञता के भाव से आदर्श नागरिक के दायित्वों का निर्वहन करने का संकल्प दिलाया। प्रधानमंत्री के आवाहन के बाद विकसित भारत का संकल्प सबको विकास के पथ पर साथ लेकर चलने का संकल्प है। इसका उद्देश्य उन लोगों तक सरकारी योजनाओं और लाभों को पहुंचाना है जो पीछे रह गए हैं वही बहमना ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अनूप सिंह ने विधायक को फूल माला पहनाकर सम्मानित किया इस मौके पर संजय सिंह लारेंस विधायक मीडिया प्रभारी राजू चौहान सूरज चौहान आदि काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## आवारा मवेशियों से परेशान किसान खुले आसमान के नीचे गुजार रहे सर्द भरी राते

अमन लेखनी समाचार



बीघापुर, उन्नाव। पाटन क्षेत्र में आवारा पशुओं के आतंक से किसानों को छुटकारा नहीं मिल पा रहा है। किसान अपनी फसल को बचाने के लिए प्रयास कर रहे हैं लेकिन जानवरों के आतंक से उनके सारे प्रयास फेल होते जा रहे है। हाल यह है किसानों को खेत की रखवाली के लिए खुले आसमान के नीचे सर्द रात गुजारनी पड़ रही हैं वहीं कुछ किसान अब फसल बचाने के लिए खेतों में आशियाना बनाने लगे हैं। मेहनत से तैयार हुई किसानों की फसल अन्ना मवेशी लगातार उजाड़ रहे हैं। फसल बचाने के लिए किसानों को रात-रात भर जागना पड़ रहा है। किसान साल भर के लिए खाने-पीने के लिए कर्ज लेकर इस समय हरी मटर, गेहूं, चना, मसूर, लाही आदि फसलें तैयार करने में जी जान से जुटे हुए हैं। वहीं आवारा मवेशियों ने जंगल में अपना घर बना रखा है। क्षेत्र के किसान सुबह से लेकर रात तक अपने-अपने खेतों की निगरानी कर रहे हैं, लेकिन सभी प्रयास असफल दिख रहे हैं। आवारा जानवरों के आतंक से बचाने के लिए गोशाला नहीं बनवाई है। गोशाला न होने के कारण जानवर अधिक संख्या में बाहर मैदान और खेतों में घूमते नजर आ रहे हैं। आवारा जानवरों के आतंक से परेशान किसानों की गेंहू लाही मटर आदि फसले जानवर बर्बाद कर रहें है। साथ ही सरसों की फसल में घुसकर तहस नहस कर रहे हैं। इससे फसल का बहुत नुकसान हो रहा है। कई बार विभागीय अधिकारियों से लिखित शिकायत की लेकिन आज दिन तक कुछ हल नहीं निकला हैं। किसान को भगवान कहते हैं किसान सर्दी गर्मी बरसात में कड़ी मेहनत करके व जानवरों से रक्षा करके किसी प्रकार से फसल तैयार करता है किसानों द्वारा पैदा किया गया अनाज अधिकारी से लेकर राजनेता तक उसी को प्रयोग करते हैं लेकिन किसानों के विषय में उनके पास सोचने का समय नहीं है।

## कमरे का ताला तोड़कर चोरों ने नगदी समेत पार कर दिया लाखों के जेवरात

पुरवा, उन्नाव। क्षेत्र के गांव घूरखेत में शनिवार रात चोर ने कमरे का ताला तोड़कर बक्से में रखे लगभग डेढ़ लाख के जेवरात व पंद्रह हजार नकद रुपए पार कर दिए। चोरी के समय परिवार रिश्तेदारी में एक मांगलिक कार्यक्रम में गया हुआ था। एक पुत्री ही घर पर थी। जिसको लेकर पीड़ित ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत गांव घूरखेत निवासी राजेश ने बताया कि शनिवार को परिवार के साथ रिश्तेदारी में आयोजित मांगलिक कार्यक्रम में कानपुर गया हुआ था। और घर पर 17 वर्षीय पुत्री सिवानी थी। जहां रविवार सुबह पुत्री जब सोकर उठी तो पीछे के कमरे का ताला टूटा देख दंग रह गई। अंदर जाकर देखा तो बक्से का ताला टूटा हुआ था। बक्से में रखे लगभग डेढ़ लाख के जेवरात व पंद्रह हजार नकद रुपए गायब थे। पुत्री ने फोन पर घटना की जानकारी दी। जिसके बाद घर आकर चोरी होने की तहरीर पुलिस को दी है। पीड़ित के अनुसार चोर छत के रास्ते से घर के अंदर दाखिल हुए होंगे। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी सुरेश कुमार सिंह ने बताया कि मामला जानकारी में नहीं हैं पता चलने पर जांच पड़ताल की जाएगी।

## बच्चो को पोलियो की दवा पिलाकर अभियान का किया शुभारंभ



अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। सीएचसी परिसर में चिकित्सा अधीक्षक ने बच्चो को पोलियो की दवा पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया और ये बताया कि इस पोलियो अभियान शुभारंभ आज से किया गया जो 15 दिसंबर तक चलेगा इस अभियान में घर घर जाकर भी बच्चो को दवा पिलाई जायेगी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सा अधीक्षक डॉ राजेश कुमार वर्मा ने सी एच सी परिसर में बच्चो को पोलियो की दवा पिलाकर अभियान का किया शुभारंभ चिकित्सा अधीक्षक ने बताया कि ये पोलियो अभियान 15 दिसंबर तक चलेगा घर घर जाकर भी आशा बहु एन एम आंगनवाड़ी कार्यकत्री बच्चो को दवा पिलाएगी ताकि कोई भी बच्चा छूट न पाए सी एच सी परिसर में इस पोलियो अभियान में सचिन दीक्षित डा ब्रजेश कुमार सिंह सचिन सिंह समेत समस्त स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

## आरोग्य स्वास्थ्य मेला का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। पीएचसी चमियानी, पासाखेड़ा, गढाकोला में 43 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया साथ ही दवाईयां दी गई। जिसमें पीएचसी पासाखेड़ा में डा अंजली सिंह ने 14 मरीजो को देखा जिसमें सर्दी, जुकाम, बुखार, त्वचा, दर्द व सास फूलने के रोगियों को स्वास्थ्य परीक्षण करके स्वयं पर्चे बनाए और खुद ही दवाए दी। वहीं पीएचसी चमियानी में डां राज लक्ष्मी दोहरे ने 16 मरीजों को देखा जिसमें त्वचा, फीवर, के मरीजों को देखकर स्वास्थ्य परीक्षण किया। इसी दौरान पीएचसी गढाकोला में डां चारु जैन ने 12 मरीजों को देखा जिसमें बुखार व जुकाम व त्वचा, महिलाओं की समस्या को जांच कर दवाये दी। इस संबंध में सीएचसी प्रभारी डां दिनेश कुमार ने बताया कि मरीजों को देखकर दवाईयां दी गयी हैं।

## सुने घर से चोरों ने नगदी समेत पार कर दिया लाखों के जेवरात



अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। कोतवाली से दो सौ मीटर की दूरी पर मांगलिक कार्यक्रम में परिवार के साथ गए कपड़ा की फेरी लगाने वाले व्यापारी के घर से अज्ञात चोरों द्वारा लाखों रुपए के जेवराज सहित हजारो रुपए की नगदी पार कर ले गए ।पीड़ित ने पुलिस को सूचना देकर कार्रवाई की मांग की । हसनगंज कस्बा निवासी प्रदीप गुप्ता पत्नी मोहनी गुप्ता व बेटे के साथ घर में ताला बंद कर शनिवार शाम 6 बजे लखनऊ जिले के काकोरी थाना क्षेत्र घुर घुरी तालाब रिश्तेदारी में गया हुआ था। रविवार भोर पहर वापस आकर देखा तो अलमारी बक्से का ताला टूटा व घर में सारा सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी से सोने का हार, कंगन, अंगूठी, चैन सहित आधा किलो चांदी व 55 हजार रूपए नकदी पार कर ले गए, पीड़ित ने कोतवाली में शिकायती पत्र देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की ।पीड़ित गांव गांव में बाइक से कपड़े की फेरी लगाकर परिवार का पालन पोषण करता है। कोतवाली प्रभारी राजेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि चोरी की जानकारी मिली है मौके पर पुलिस को भेज कर जांच कराई जा रही है।

## पीएम आवास योजना शहरी के लाभार्थियों के घरों में सांसद ने किया भूमि पूजन

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। विकसित भारत संकल्प यात्रा के अन्तर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के लाभार्थियों के घरों में भूमि पूजन कार्यक्रम सांसद सच्चिदानन्द हरिसाक्षी जी महाराज व अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व की उपस्थित में नगर पालिका परिषद उन्नाव के मोहल्ला लोधनहार में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम में उपस्थित लाभार्थियों को सम्बोधित करते हुए सांसद सच्चिदानन्द हरिसाक्षी महाराज कहा कि पूरे देश में प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ बगैर किसी भेदभाव को जनता को मिला। भारत की यह अनूठी योजना है। इस योजना में अनेक बेघर लोगों को घर दिये गये है। केन्द और राज्य सरकारें जन कल्याणकारी योजनाओं से लोगों को लाभ दे रही है। आगे कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा आयुष्मान भारत योजना का शुभारम्भ किया जिससे गरीब आदमी के बीमार होने पर उसका इलाज सरकार करा सकती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देश के लोगों को पक्की छत का सपना पूरा किया गया है। गरीबों को बीमारी में इलाज करवाने के लिए अब सोचना नहीं पड़ता है, गैस सिलेण्डर, राशन योजनायें भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चलाई जिससे जनता को विकास हो रहा है। जनता के हर सम्भव मदद उनके आर्थिक व सामाजिक विकास को बढ़ाने के लिए कर रही है। इसके पूर्व प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के लाभार्थी पूजन देवी पत्नी परशुराम व लाभार्थी विनोदनी पत्नी नीशतचन्द्र दीक्षित निवासी लोधनहार के आवास पर 51 लाभार्थियों के साथ सांसद सच्चिदानन्द हरिसाक्षी महाराज व अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व नरेंद्र सिंह गृह पूजन किया गया। इस मौके पर परियोजना अधिकारी डूडा अरविन्द सिंह, सभासद अतुल सिंह, अमितेश सिंह ,एसएलटीसी आंकाक्षा, धरमू, नीरज, संगीता, सुखदेई, शिवराज, किशन कुमारी, राजेश्वरी, रीता मंटू, जगत ,मीनू, उमाशंकर, सुषमा, संजय, सुनीता, आशीष शुक्ला, नीतू, विमल, रूमा कुमारी, सीएमएम आदर्श सिंह, सीएलटीसी प्रतीक गुप्ता, अशोक कुमार, अंजय रावत, गौरव कुमार, प्रभात चन्द्र, नवीन, सतेन्द्र, सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## तुलसी पीठाधीश्वर रामभद्राचार्य जी महाराज 25 जनवरी से करेंगे श्रीराम कथा की अमृत वर्षा

अमन लेखनी समाचार

हाथरस। जनपद में 25 जनवरी से 2 फरवरी तक जलेसर रोड स्थित लाड़पुर ग्राम में पद्म विभूषण से विभूषित तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरू रामानन्दाचार्य स्वामी श्री रामभद्राचार्य जी महाराज चित्रकूट धाम के श्री मुख से श्रीराम लला जी के अपने नये गर्भग्रह में पदार्पण के शुभ अवसर पर श्रीराम कथा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें अतिथियों को आमंत्रित करने का कार्य भी आयोजकों द्वारा शुरू कर दिया गया है।

श्री राम कथा महोत्सव के आमंत्रण के क्रम में आयोजकों ने प्रदेश के दोनों उपमुख्यमंत्री, प्रदेश वित मंत्री एवं अन्य कैबिनेट मंत्रियों को कथा में एक दिन का समय देने व कथा श्रवण कर गुरूजी का आशीर्वाद प्राप्त करने का आग्रह किया। इस महोत्सव में प्रदेश व केन्द्र सरकार के कई वरिष्ठ मंत्रियों, कई प्रदेशों के राज्यपाल एवं संघ तथा विश्व हिन्दू परिषद परिवार के पदाधिकारियों के आने की पूर्ण सम्भावना है। भारत भूमि पर विराजमान अनेकों पूज्य सन्तों के दर्शन करने का सौभाग्य भी ग्रामवासियों एवं जनपद के भक्तों को प्राप्त होने जा रहा है।

उक्त कथा का आयोजन जलेसर रोड पर हो रहा है। इसलिए आज समिति के सदस्यों एवं आयोजकों ने प्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रज बहादुर भारद्वाज के आवास पर जनपद के प्रभारी मंत्री एवं प्रदेश उपाध्यक्ष को कथा में आमंत्रित करने तथा कथा में पधारने के साथ - साथ जलेसर रोड पर धीमी गति से चल रहे कार्य को जल्द से जल्द कराने का भी आग्रह किया।

आमंत्रित करने वालों में राहुल कौशिक प्रबन्धक श्री राघवमाधव सेवा समिति, अजय गुप्ता कोल्ड वाले लाड़पुर, दीपक मुदगल, दीपक शर्मा, योगेश तिवारी आदि शामिल थे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

अमन लेखनी समाचार



हसनगंज, उन्नाव। साले की शादी समारोह से वापस लौट रहे बहनोई की अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई शव गांव पहुचते ही परिजनो में कोहराम मच गया मृतक किसानी करके परिवार का पालन पोषण करता था। लखनऊ जिले के काकोरी थाना क्षेत्र घुरघुरी तालाब के पास हसनगंज कोतवाली क्षेत्र मौला बाकीपुर निवासी भूपेंद्र दीक्षित 43 वर्ष शनिवार देर शाम साले शिवम बाजपेई की बरात बुद्धेश्वर के गेस्ट हाउस में शामिल होने गए थे जहा रविवार सुबह 6 बजे के करीब घुर घुरी तालाब के पास मोहान की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन बाइक में टक्कर मारते हुए लखनऊ की तरफ भाग गया टक्कर लगने से दी बाइक सवार युवक गंभीर घायल हो गया राहगीरों की सूचना पर काकोरी पुलिस ने घायल को निजी अस्पताल एरा लेकर गए जहा इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। मृतक किसानी करके परिवार का पालन पोषण करता था मृतक के एक लड़की व एक लड़का है बड़ी बेटी शगुन, अंश सहित पत्नी आरती का रोरो कर बुरा हाल है। कोतवाली प्रभारी राजेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम लखनऊ में हुआ है।

## प्रभारी मंत्री ने शीर्ष प्राथमिकता के 11 प्रोजेक्ट, पर्यटन व हाथरस महा योजना पर दिये निर्देश

अमन लेखनी समाचार

हाथरस। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) समाज कल्याण, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश शासनध्प्रभारी मंत्री असीम अरुण ने कलेक्ट्रेट सभागार में विधायकगणोंध्जनप्रतिनिधियों व जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ जनपद के शीर्ष प्राथमिकता के 11 प्रोजेक्ट्स, प्रोजेक्ट जिला पार्यटन तथा हाथरस महायोजना 2031 पर विस्तार पूर्वक चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रभारी मंत्री असीम अरुण ने जनपद स्तरीय अधिकारियों से केन्द्रध्राज्य सरकार की लोक कल्याणकारी, रोजगारपरक एवं गरीबी उन्मूलन योजनाओं का लाभ जनपद के पात्र एवं जरूरतमंद व्यक्तियों तक पहुँचाने तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को पारदर्शिता एवं ईमानदारी पूर्वक अपने दयित्यों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। मंत्री ने उत्तर प्रदेश सरकार व शासन की मंशा के क्रम में कहा कि हमें अपने दायित्वों का निर्वाहन जिम्मेदारी पूर्वक करने के साथ ही कार्यों में तेजी लानी है। उन्होंने कहा कि किसी भी कार्य को नियम विरुद्ध तरीके से न किया जाए। उन्होंने कहा कि हम सब को भ्रष्टाचार मुक्त कार्य करते हुए कार्यों को संपादित करना है। उन्होंने कहा कि सिस्टम के मजबूत होने से ही सभी कार्य बेहतर ढंग से संभव हो पाते हैं। सर्व प्रथम प्रभारी मंत्री ने जिला सूचना एवं पर्यटन अधिकारी से आडीटोरियम निमार्ण आदि के सौर्दरीकरण के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी की। जिला सूचना एवं पर्यटन अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में दाउजी मन्दिर के समीप 350 सीटेड क्षमता का आडिटोरियम का निर्माण किया जाना है जिसकी अनुमानित लागत रुपए 1000 लाख है। मंत्री ने चयनित किये जाने वाले कार्यो के संबंध में जनप्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित कर कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत करने एवं कराये जा रहे कार्या की प्रगति रिर्पोट नियमित रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होनें जिला स्पोंट्स अधिकारी को स्टेडियम का उच्चीकरण हेतु कराये जाने वाले कार्यो की कार्ययोजना तैयार करने एवं स्टेडियम की नियमित रूप से साफ सफाई कराने तथा इसका उपयोग अन्य कार्यो हेतु न करने के निर्देश दिए। उन्होनें अधिशासी अधिकारी नगर पालिकाध्नगर पंचायतों को स्ट्रीट फूड जोन एवं पार्किंग स्थल स्थापित किये जाने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। राजकीय अनुसूचित छात्रावास निमार्ण के संबंध में जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि छात्रावास निर्माण हेतु यू.पी.सिडको अलीगढ़ द्वारा पी.डब्ल्यू.डी.की निर्धारित दरों के अनुसार आंगणन तैयार कर प्रधानमंत्री अभ्युदय योजना के पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है। मंत्री ने जिला कारागार के निर्माण की कार्यवाही प्रारम्भ करने के निर्देश दिए।

## अयोध्या से पूजित अक्षत कलश यात्रा बक्सर पहुंची, लोगो ने लगाए जय श्री राम के नारे

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। श्री रामजन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट अयोध्या से पूजित अक्षत कलश यात्रा बीघापुर-तकिया-सुमेरपुर-मनिकापुर -भगवन्तनगर-उचगाँव होते हुए बक्सर पहुची। अयोध्या में रामजन्म भूमि की प्राण प्रतिष्ठा आगामी 22 जनवरी को होनी है जिसके परिप्रेक्ष्य में 1 जनवरी से 15 जनवरी तक हर घर से अक्षत वितरण कार्यक्रम निर्धारित है। रविवार को हरिद्वार के परमपूज्य राघवाचार्य के संरक्षण में कलह यात्रा आयी ।कलश यात्रा के दौरान संजय शुक्ला, आशु बाजपेयी, मनीष मिश्रा सहित कई लोग साथ रहे ।रास्ते मे जगह जगह कलश यात्रा का स्वागत जय श्री राम के उदघोष से हुआ। पाटन में पूज्य कलश श्री डंगरेस्वर मंदिर ले जाया गया जहाँ रमेश चंद्र तिवारी, मंचित तिवारी, मनीष, बड़े सिंह ,शिवप्रताप सिंह, प्रभाष पांडेय, कार्तिकेय दीक्षित, सहित सैकड़ों रामभक्तों द्वारा पूजन-अर्चन किया गया । सुमेरपुर में प्रधान अभिषेक वर्मा, राजेश तिवारी, संतन पाल, प्रदीप पांडेय, लाला ,श्री कांततिवारी, केपी वर्मा आदि के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया गया। मनिकापुर में शरदेन्दु मिश्रा, शिवहर्ष सिंह, देवेंद्र सिंह, कपिल गुप्ता, अर्जुन लोधी, श्यामू गुप्ता सहित सैकड़ों रामभक्तों ने स्वागत किया। भगवन्तनगर में चैयरमैन आशीष शुक्ला, मंडल अध्यक्ष आशीष बाबा, शिवप्रताप सिंह, प्रभांशु, पीताम्बरा क्लॉथ, जानकी मेडिकल नारायण मेडिकल, सिक्की बोटा सहित सैकड़ों रामभक्तों द्वारा पूजन अर्चन कर जय श्री राम नारे का उदघोष किया गया। अंत मे कलश यात्रा का समापन बक्सर में माँ चंदिका देवी मंदिर में किया गया।

## पति-पत्नी के 32 विवादित जोड़े आपसी कलह भुलाकर साथ रहने को हुए राजी

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। सिद्धार्थ शंकर मीना पुलिस अधीक्षक उन्नाव के कुशल निर्देशन में रिजर्व पुलिस लाइन एवं विभिन्न थानों में स्थित महिला हेल्प डेस्क में पति-पत्नी के विवादित जोड़ों को बुलाया गया। परिवार परामर्श केन्द्र, परिवार परामर्शदाताओं एवं महिला हेल्पडेस्क की टीम द्वारा उनकी काउंसलिंग करते हुए उनके बीच उपजे विवाद को खत्म कराया गया तथा परिवार को टूटने से बचाया। तदोपरान्त महिला थाना से 08, परिवार परामर्श केन्द्र से 06, थाना अचलगंज से 04, थाना बेहटा मुजावर से 03, थाना बांगरमऊ, थाना दही, थाना सोहरामऊ व रिपोर्टिंग पुलिस चौकी महिला थाना से 02-02, थाना मांखी, थाना हसनगंज व थाना अजगैन से 01-01 जोड़े को बिना विवाद साथ रहने के वादे के साथ विदा किया गया। उपरोक्त पुनीत कार्य में डा0 आशीष श्रीवास्तव प्रभारी परिवार परामर्श समिति एवं सलाहकारों मे राजेन्द्र सिंह सेंगर, डा0 मनीष सिंह सेंगर, अबरार हुसैन साबिहा उमर, डा0 शशि रंजना अग्निहोत्री, अबसार अली खान, डॉ0 सगीर अहमद, सहयोगी शिवेन्द्र सिंह, एवं परिवार परामर्श केन्द्र से महिला उप निरीक्षक मधु श्रीवास्तव, महिला थानाध्यक्ष अर्चना, महिला उप निरीक्षक विजेता चौधरी, महिला उप निरीक्षक भागीरथी कमलेश कुमारी, मिथिलेश कुमारी, रंजना सिंह, पारूल, सुधा गोस्वामी, शिखा सेंगर, सेविका इंदू यादव कृषा गौतमी श्रद्धा सिंह, आरती गौतम, प्रीती चौहान का विशेष योगदान रहा।

## संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी का फांसी के फंदे पर लटकता मिला शव

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। माखी थाना क्षेत्र के झाऊखेड़ा गांव के रहने वाले राजेंद्र रावत की 16 वर्षीय बेटी नंदनी हाईस्कूल की छात्रा थी। वह घर पर दादी लीलावती, छोटे भाई अजीत और सुजीत के साथ गांव में रहती थी। पिता राजेंद्र, मां शिवकांती और बड़ी बहन संगीता दिल्ली में रहकर नौकरी करते हैं। जबकि बड़ा भाई बबलू सेना में ड्यूटी पर तैनात है। स्वजन के मुताबिक शनिवार को छोटे भाई अजीत का जन्मदिन था। दादी उसी का सामान लेने दुकान पर गई थी। घर पर नंदनी के साथ उसके दोनों भाई थे। दादी के आने के बाद सुजीत को उसे बुलाने के लिए भेजा। दूसरी मंजिल पर जब सुजीत पहुंचा तो फंदे से बहन का शव लटका देख वह रोता हुआ नीचे आया और दादी को बताया। किशोरी की मौत से परिजनो में कोहराम मच गया। सूचना पर थानाध्यक्ष फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और जांच की। दादी आत्महत्या के पीछे का कारण नहीं बता पाई। दादी ने घटना की जानकारी दिल्ली में रहने वाले बेटे को दी है। उनके आने के बाद ही आगे की प्रक्रिया पूरी होगी। थानाध्यक्ष वीर बहादुर सिंह ने बताया कि परिजनों ने अभी कोई आरोप प्रत्यारोप नहीं लगाया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। तहरीर व पीएम रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## भव्य दिव्य श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव 15 से:जोरदार तैयारियां:अनुरोध

अमन लेखनी समाचार

हाथरस। शहर के आवास विकास कॉलोनी सेक्टर 2 स्थित विवेकानंद पार्क में आगामी 15 दिसंबर से 22 दिसंबर तक भव्य दिव्य एवं विशाल श्रीमद् भागवत कथा एवं ज्ञान यज्ञ का आयोजन होने जा रहा है और इस श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव में जहां कथा की अमृत वर्षा होगी। वही देश व प्रदेश की प्रमुख राजनीतिक हस्तियां, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न क्षेत्रों की प्रमुख हस्तियों को आमंत्रित किया गया है और श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव की जोर शोर से तैयारियां चल रही है। उक्त संबंध में जानकारी देते हुए वरिष्ठ युवा भाजपा नेता डॉ. अंशुल सेंगर ने बताया है कि 15 दिसंबर से श्रीमद् भागवत कथा एवं ज्ञान यज्ञ महोत्सव का आयोजन आवास विकास कॉलोनी में सेक्टर 2 स्थित विवेकानंद पार्क पर होगा और यह भागवत कथा 22 दिसंबर तक चलेगी। उन्होंने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव के विशाल आयोजन की जहां जोरदार तैयारी की जा रहीं है ।वहीं भागवत कथा में कथा की अमृत वर्षा श्रीधाम वृंदावन के प्रख्यात भागवत आचार्य आचार्य पं. संदीप कृष्ण जी महाराज करेंगे और अपनी मधुर वाणी से कथा का कथा रसिकों को अमृतपान करायेंगे। उन्होंने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा दोपहर 12 बजे से सांय 4 बजे तक आयोजित होगी। जबकि प्रतिदिन यज्ञ सुबह 8 बजे से 10 बजे तक आयोजित होगा और 22 दिसंबर को श्रीमद् भागवत कथा की पूर्ण आहुति होगी। उन्होंने बताया कि 15 दिसंबर को विशाल व ऐतिहासिक कलश यात्रा निकाली जाएगी। जिसमें 2100 कलशो को लेकर लक्ष्य है। मातृशक्ति कलश यात्रा में शामिल होंगीं। उन्होंने कहा है कि जो भी मातृशक्ति कलश यात्रा में भाग लेना चाहती है वह अपने नाम रजिस्ट्रेशन करवा दें ।जिससे कि कलश यात्रा में उन्हें शामिल कराया जा सके। वरिष्ठ युवा भाजपा नेता डॉ. अंशुल सेंगर ने बताया है कि श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य एवं बृजेश पाठक को आमंत्रित किया गया है।

**पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनावों में से तीन राज्य राजस्थान, मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ में भाजपा को सफलता मिली है, तेलंगाना में कांग्रेस ने विजय हासिल की है, तो मिजोरम में नई पार्टी जेडपीएम को सत्ता मिली है। लोकसभा से पहले सत्ता के सेमीफाइनल माने जा रहे इन चुनावों के परिणामों से जहां भाजपा उत्साहित है, वहीं कांग्रेस बैकफुट पर दिख रही है। भाजपा इसे समावेशी विकास, हिंदुत्व, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद इके साथ मोदी के चेहरे की जीत मान रही है, वह इसे मोदी की गारंटी पर मतदाताओं की मुहर मान रही है, तो कांग्रेस ने तेलंगाना में अपनी जीत पर उत्तर बनाम दक्षिण के विवाद को हवा दे दी है, इसके साथ ही हिंदी पट्टी में कांग्रेस की पतली हालत के चलते विपक्षी गठबंधन इंडिया को लेकर भी कयासों का दौर शुरू हो गया है। राष्ट्रीय एकता व अखंडता के लिहाज से कांग्रेस का उत्तर बनाम दक्षिण विवाद आत्मघाती है। इन चुनावों के परिणामों की खास बात है कि जनता ने सभी राज्यों में स्पष्ट बहुमत दिया है, बड़ी संख्या में महिलाएं भाजपा के साथ हैं, दूसरी मुस्लिम वोट कांग्रेस की तरफ शिफ्ट हो रहे हैं। आगामी लोकसभा चुनावों के लिए बेशक भाजपा अधिक उत्साहित होगी, पर अभी उसके सामने चुनौतियां भी अनेक हैं। 'इंडिया' में भी काफी पोटेंशियल है। मिशन 2024 को देखते हुए इन चुनाव परिणामों का विश्लेषण करता आजकल का यह अंक...**

# मिशन-2024 की राह में चुनौतियां अनेक



**विश्लेषण**
राज कुमार सिंह
वरिष्ठ पत्रकार

**दरअसल सही गठबंधन ही अगले लोकसभा चुनाव के लिए किसी भी रणनीति की सफलता की सबसे बड़ी कसौटी बनता दिख रहा है। यही कारण है कि इसी साल जहां 26 विपक्षी दलों ने मिल कर इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस (इंडिया) बनाया तो भाजपा ने भी एनडीए को पुनर्जीवन देते हुए उसका भारी-भरकम विस्तार किया। दक्षिण भारत में कांग्रेस ने जिस तरह पहले कर्नाटक और अब तेलंगाना की सत्ता हासिल कर ली है, वह भाजपा के लिए चुनावी चुनौती बढ़ाने वाली है, पर शायद इसी से नई राह निकलेगी। तीन राज्यों में भाजपा को मिली अपार सफलता ने पार्टी व राजग का विश्वास बढ़ाया है। विपक्ष के मुकाबले मिशन 2024 की राह भाजपा के लिए आसान हो गई है, पर राह में चुनौतियां भी अनेक हैं।**

जिन पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव सत्ता को सेमी फाइनल कहे जा रहे थे, उनके परिणामों ने फाइनल की तस्वीर स्पष्ट की है, पर राह आसान होगी, ऐसा नहीं कह सकते। पांचों राज्यों के मतदाता स्पष्ट जनादेश के लिए प्रशंसा के पात्र हैं, इससे अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर संकेत मिल रहे हैं। यह टिप्पणी कुछ आश्चर्यजनक लग सकती है, क्योंकि खासकर मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भाजपा ने कांग्रेस को करारी चुनावी शिकस्त दी है। पिछले विधानसभा चुनावों में भाजपा से इन तीनों राज्यों की सत्ता छीन लेने वाली कांग्रेस इस बार कड़ा मुकाबला भी नहीं कर पाई। ऐसे में तीन बड़े राज्यों के मतदाताओं का मूड अगले लोकसभा चुनाव की पहेली सुलझाने में मददगार होना चाहिए। ऐसा अकसर होता भी है, अगर चुनाव बहुत दूर न हों।

अगले लोकसभा चुनाव बमुश्किल पांच महीने दूर हैं। फिर भी इन तीनों राज्यों के मतदाताओं का मूड भाजपा की चिंताएं दूर नहीं करता तो इसलिए कि पिछले लोकसभा चुनाव में वह यहां अपना लगभग सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर चुकी है। बेशक किसान आंदोलन के मुद्दे पर नागौर सांसद हनुमान बैनीवाल की पार्टी रालोपा एनडीए छोड़ गई, पर उसके साथ मिलकर भाजपा ने राजस्थान की सभी 25 लोकसभा सीटें जीती थीं। 24 उसके अपने हिस्से में आई थीं। तब एनडीए को 60 प्रतिशत से ज्यादा और खुद भाजपा को 58 प्रतिशत से ज्यादा वोट मिले थे। उससे बेहतर प्रदर्शन अगले लोकसभा चुनाव में भाजपा क्या कर सकती है?

मध्य प्रदेश में भी राज्य की सत्ता हार जाने के चंद महीने बाद भाजपा ने 58 प्रतिशत से ज्यादा वोट हासिल करते हुए 29 में से 28 लोकसभा सीटें जीत ली थीं। कांग्रेस तत्कालीन मुख्यमंत्री कमलनाथ के बेटे नकुल की छिंदवाड़ा सीट ही जीत पाई थी। इसी तरह छत्तीसगढ़ की 90 सदस्यीय विधानसभा में मात्र 15 सीटों पर सिमट कर 15 साल पुरानी सत्ता गंवा देने वाली भाजपा लोकसभा चुनाव में 11 में से नौ सीटें जीत गई थी। जाहिर है, इन तीन राज्यों की 65 लोकसभा सीटों में से 61 अकेले दम भाजपा के पास हैं।

## प्रदर्शन दोहराने की चुनौती

क्या इससे बेहतर चुनावी प्रदर्शन किया जा सकता है? राजनीतिक समझ और हाल के विधानसभा चुनाव परिणाम कहते हैं कि भाजपा के लिए 2019 के लोकसभा चुनाव परिणाम की पुनरावृत्ति चुनौतीपूर्ण होगी। पिछले लोकसभा चुनाव की तरह भाजपा ने हाल के विधानसभा चुनाव भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम और चेहरे पर लड़े, पर परिणाम वैसे एकतरफा नहीं आए। दरअसल, मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ ही नहीं, हिंदी पट्टी के सभी राज्यों में भाजपा पिछले लोकसभा चुनाव में अपना कमोवेश सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर चुकी है, जिसमें गिरावट से बचना ही अगले लोकसभा चुनाव में सबसे बड़ी चुनौती होगी।



मसलन, 80 लोकसभा सीटों वाले सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में सपा-बसपा गठबंधन के चलते ही भाजपा की सीटें फिसल कर 62 पर आ गई थीं। एनडीए सहयोगी अपना दल के साथ मिलकर यह आंकड़ा 64 पर पहुंच गया। तब एनडीए को 50 प्रतिशत से कुछ ही ज्यादा और अकेले भाजपा को 50 प्रतिशत से कम वोट मिले थे। मोदी-योगी की लोकप्रियता में कमी का कोई संकेत नहीं मिलता, लेकिन उत्तर प्रदेश-बिहार सरीखे जातीय अस्मिता की मुखर राजनीति वाले राज्यों में अगर सामाजिक समीकरण के अनुरूप राजनीतिक समीकरण बन जाएं तो पासा पलटने में देर नहीं लगती। अगर रणनीति अथवा राजनीतिक बाध्यता के चलते ही सपा-रालोद गठबंधन में बसपा और कांग्रेस भी आ गए, तब क्या होगा?

40 सीटों वाले बिहार में पिछले लोकसभा चुनाव में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का जदयू, एनडीए में था और 50 प्रतिशत से भी ज्यादा वोटों के साथ गठबंधन को 39 सीटें मिली थीं। भाजपा और जदयू , दोनों ही 17-17 सीटें जीतने में सफल रहे थे, पर अब जबकि जदयू, राजद, कांग्रेस और वाम दलों के साथ महागठबंधन का हिस्सा हैं, भाजपा पासवान चाचा-भतीजा या उपेंद्र कुशवाहा-जीतन राम मांझी को साथ लेकर उस प्रदर्शन की पुनरावृत्ति करना चुनौती होगी। हरियाणा की सभी 10 और दिल्ली की सभी सात सीटें भी लोकसभा में भाजपा के पास हैं। उत्तर भारत की तरह पश्चिम भारत में भी पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था। गुजरात में वह अकेले दम पर सभी 26 सीटें जीतने में सफल रही थी, जबकि 48 सीटों वाले महाराष्ट्र में शिवसेना के साथ गठबंधन में एनडीए 41 सीटों पर कब्जा करने में सफल रहा था। भाजपा के हिस्से 23 और शिवसेना के हिस्से 18 सीटें आई थीं। अब जबकि शिवसेना, एनसीपी और कांग्रेस के साथ एमवीए बना चुकी है, शिवसेना और एनसीपी में विभाजन के बाद भाजपा के साथ आने के बाद नए राजनीतिक समीकरण में महाराष्ट्र में भाजपा को नई कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। गोवा की भी दोनों सीटें पिछली बार भाजपा जीतने ऐसे में सफल रही थी। ऐसे में यह समझना मुश्किल नहीं होना चाहिए कि उत्तर ही नहीं, पश्चिम भारत में भी, जहां भाजपा ने पिछले लोकसभा चुनाव में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था, वहां सीटें बरकरार रखना भाजपा के लिए कठिन चुनौती ही होगी।

सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन वाले राज्यों की सूची में दक्षिणी राज्य कर्नाटक को भी शामिल कर सकते हैं, जहां 2018 के विधानसभा चुनाव में बहुमत से पिछड़ जाने के बावजूद भाजपा 28 में 25 अकेले दम और एनडीए के रूप में 26 सीटें जीतने में सफल रही थी। वहां इसी साल मई में विधानसभा चुनाव में, मोदी के तूफानी प्रचार के बावजूद, कांग्रेस ने जैसे शानदार बहुमत से जीत हासिल की है, उस प्रदर्शन की पुनरावृत्ति की खुशफहमी भाजपा को शायद ही होगी। यही कारण है कि विधानसभा चुनाव के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवगौड़ा के जिस जनता दल सेक्यूलर पर तरह-तरह के आरोप लगाये गये, उसी से अब गठबंधन हो चुका है। कर्नाटक में भाजपा को अपनी साख बचानी होगी।

## जीत की रणनीति

दरअसल सही गठबंधन ही अगले लोकसभा चुनाव के लिए किसी भी रणनीति की सफलता की सबसे बड़ी कसौटी बनता दिख रहा है। यही कारण है कि इसी साल जहां 26 विपक्षी दलों ने मिल कर इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस (इंडिया) बनाया तो भाजपा ने भी एनडीए को पुनर्जीवन देते हुए उसका भारी-भरकम विस्तार किया। दक्षिण भारत में कांग्रेस ने जिस तरह पहले कर्नाटक और अब तेलंगाना की सत्ता हासिल कर ली है, वह भाजपा के लिए चुनावी चुनौती बढ़ाने वाली है, पर शायद इसी से नई राह भी निकलेगी। कर्नाटक में कांग्रेस अकेले दम जीत गई तो जनता दल सेक्यूलर के पास भी भाजपा से हाथ मिलाने के सिवाय कोई विकल्प नहीं बचा। तेलंगाना में वैसी ही स्थिति सत्ता गंवाने वाले केसीआर की पार्टी बीआरएस के समक्ष नजर आती है, यानी भाजपा को दक्षिण में एक और दोस्त मिल सकता है। तेलंगाना में सरकार बनाने के दावे तो भाजपा के चुनावी दावे ही थे, पर वोट प्रतिशत और सीटें बढ़ना उसके लिए उत्साहवर्धक है। पिछली बार भी भाजपा चार लोकसभा सीटें जीतने में सफल रही थी। अब अगर बीआरएस से समझौता हो गया तो दोनों मिलकर 17 सीटों वाले तेलंगाना में सत्तारूढ़ कांग्रेस को कड़ी टक्कर तो दे ही पायेंगे। भाजपा की कोशिश होगी कि 25 सीटों वाले आंध्र प्रदेश में भी उसे सत्तारूढ़ वाईएसआरसीपी या फिर चंद्रबाबू नायडू की टीडीपी का साथ मिल जाए। पिछले चुनाव में वहां 49 प्रतिशत वोट के साथ वाईएसआरसीपी ने 22 और 39 प्रतिशत से कुछ ज्यादा वोट के साथ टीडीपी ने तीन सीटें जीती थीं, जबकि एक प्रतिशत से कुछ ज्यादा वोट पाने वाली कांग्रेस और एक प्रतिशत से भी कम वोट पाने वाली भाजपा का खाता भी नहीं खुला था। हालांकि आंध्र प्रदेश में कांग्रेस कमजोर है और भाजपा के लिए गठबंधन के द्वार खुले हैं।

## विपक्ष में विश्वास का संकट

कहना नहीं होगा कि पिछली बार अकेले दम 303 सीटें जीतने वाली भाजपा इस बार उससे अधिक सीटें जीतना चाहती है और इसके लिए अपने राजग गठबंधन को और मजबूत करने पर जोर दे रही है। उसे टक्कर देने की विपक्षी रणनीति का आधार भी गठबंधन ही है। कांग्रेस इंडिया गठबंधन को मजबूत कर सत्ता का सपना देख रही है। 1977 और 1989 के चुनाव परिणाम बताते हैं कि मजबूत सत्तारूढ़ दल को भी उसके विरुद्ध हर सीट पर एक साझा उम्मीदवार उतार कर मात दी जा सकती है, पर हाल के विधानसभ चुनावों में विपक्षी गठबंधन में बढ़ी तल्खियों से उस प्रयोग पर सवालिया निशान लगता नजर आया। इंडिया गठबंधन के तौर पर अभी उतना परिपक्व नहीं है, जितना राजग। विपक्ष का इंडिया गठबंधन नेता, एकजुटता और मुद्दों से जूझ रहा है। विपक्ष के सामने संकट यह भी है कि लगातार तीसरा लोकसभा चुनाव अगर हार गया तो वह राजनीतिक रूप से अप्रासंगिक बनने के भय से ग्रसित हो जाएगा। अभी बिना गठबंधन के विपक्ष भाजपा को चुनौती दे पाने में सक्षम नहीं है। लेकिन वह एकजुटता के संकट से गुजर रहा है। विपक्ष की सफलता की संभावनाएं सिर्फ दल मिलने पर नहीं, दिल मिलने पर निर्भर करेंगी, क्योंकि उत्तर और पश्चिम भारत में भाजपा के विरुद्ध साझा उम्मीदवार उतारे बिना बात नहीं बनेगी। इसके उलट भाजपा व राजग दोनों एकजुट है, उसके पास मोदी जैसे नेता है और समावेशी विकास के एजेंडे हैं, और अब इस विस चुनाव में जीत का सेंटिमेंट है।

# उत्साह से लबरेज हुई भाजपा



**दो टूक**
प्रो. नीलम महाजन सिंह
वरिष्ठ टीवी पत्रकार

मध्य प्रदेश व राजस्थान में भाजपा की सरकारें बनने का मेरा अनुमान सही साबित हुआ। छत्तीसगढ़ में भाजपा की जीत से वह सत्ता के सेमीफाइनल में विजेता बनकर उभरी है। 5 राज्यों के चुनाव नतीजों के बाद बीजेपी के सामने लोकसभा चुनाव को लेकर क्या चुनौतियां होंगी? मध्य प्रदेश में दिग्विजय सिंह कांग्रेस के लिए उपयोगी साबित नहीं हुए। कमलनाथ के नेतृत्व में अगर शत प्रति कांग्रेस चुनाव मैदान में उतरती तो आज तस्वीर अलग होगी। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की विवादास्पद छवि मध्य प्रदेश की जनता को नहीं सुहाती है। कांग्रेस पार्टी को दिग्विजय सिंह को विधानसभा 2023 के चुनावों से परे रखना चाहिए था, पर सोनिया के चहेते ने पहले 'कमल' नाथ, ज्योतिरादित्य सिंधिया को आहत कर, मुख्यमंत्री पद से दरकिनार किया व अपने बेटे जयवर्धन सिंह (जेवी) को उप-मुख्यमंत्री बनवा कर कांग्रेस में सालों से कार्यरत नेताओं को नाराज़ किया। दिग्विजय सिंह के पुत्र जय वर्धन सिंह ने अपने 'राजघराने-राघोगढ़' से जीत प्राप्त की है। बात वंशवाद की भी तो है, जो कांग्रेस की नींव है? उधर 69 वर्षीय लक्ष्मण सिंह, दिग्विजय सिंह के छोटे भ्राता, चाचौड़ा से बीजेपी कैंडिडेट प्रियंका मीणा से बुरी तरह पराजित हो गए हैं। प्रियंका मीणा का कहना है, 'राजा साहब' के पास शिकायत लेकर लोगों की समस्याओं का निवारण नहीं होता। प्रियंका गांधी को पराजित कर, प्रियंका मीणा की जनता ने जीता दिया है। देश में पांच



राज्यों के चुनाव के नतीजों के ऐलान के साथ स्थिति स्पष्ट हो गई है। राज्यों के चुनाव के बाद अब लोकसभा चुनाव पर नजरें हैं। पांच में से हिंदी पट्टी के तीन राज्यों में जीत से भारतीय जनता पार्टी उत्साहित है तो वहीं कांग्रेस के नेता राज्यों की हार पर चिंतन-मनन कर लोकसभा चुनाव की तैयारियों के लिए जुट रहे हैं।

## क्या चुनौतियां होंगी?

बीजेपी के सामने लोकसभा चुनाव में इन पांच राज्यों में क्या चुनौतियां होंगी? राजस्थान में लोकसभा की 25, मध्य प्रदेश में 29, छत्तीसगढ़ में 11, तेलंगाना में 17 और मिज़राम में एक सीट है। इन पांच राज्यों में कुल सीटों का आंकड़ा 83 है। 2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी को 83 में से 65 सीटों पर जीत मिली थी। इन 65 में से चार सीटें बीजेपी ने तेलंगाना में जीती थीं। यानी बीजेपी के 61 लोकसभा सांसद तीन राज्यों- राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ से ही आते हैं। अब, जब इन राज्यों के चुनाव में जीत के साथ बीजेपी ने सत्ता में वापसी कर ली है व लोकसभा चुनाव में पिछला प्रदर्शन दोहराने की चुनौती होगी। पिछले लोकसभा और इस बार के लोकसभा चुनाव में तस्वीर अलग है। 2019 में बीजेपी पांच साल सरकार चलाने के बाद चुनाव मैदान में उतरी थी, वहीं इस बार 10 साल की सरकार के साथ पार्टी चुनाव में जा रही है। पिछले लोकसभा चुनाव में राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार थी, इस बार बीजेपी सत्ताधारी दल हैं। तेलंगाना में केसीआर सरकार थी, अबकी बार सीएम की कुर्सी पर कांग्रेस के रेवंत रेड्डी हैं। हिंदी पट्टी के तीनों राज्यों को बीजेपी के लिए प्रबल माना जा रहा है। मध्य प्रदेश में लोकसभा की 29 सीटें हैं और इनमें से 28 पर बीजेपी का कब्ज़ा है। इसी तरह राजस्थान की 25 में से 24, छत्तीसगढ़ की 11 में से नौ सीटों पर बीजेपी काबिज है। बीजेपी के सामने सबसे बड़ी चुनौती पिछले चुनाव की जीती अपनी सीटें बचाए रखने की होगी।

## आज बलिदान दिवस पर विशेष

# अमर बलिदानी वीर नारायण सिंह

भारतीय इतिहास के लिए सोनाखान का विद्रोह अछूता, किंतु रोमांचक प्रसंग है। 19 वीं शताब्दी के भारतीय इतिहास का अध्ययन करने पर हमें अनेक घटनाओं के संदर्भ पढ़ने को मिलता है। जिसके फलस्वरूप विद्रोह विप्लव की वह दास्तां प्रारंभ होती है कि हममें से भी कोई व्यक्ति शायद ही इन तथ्यों से अछूता होगा इन्ही सब घटनाओं के बीच में एक सर्वप्रमुख घटना 1857 ई. का है जिसे सुप्रसिद्ध विचारक एवं क्रांतिकारी वीर विनायक दामोदर सावरकर भारत का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम उद्धृत करते है वहीं विपिनचंद्र इसे कंपनी सरकार की नीतियों के विरूद्ध जनता के दिलों में संचित असंतोष एवं विदेशीसत्ता के प्रति घृणा का परिणाम बताते है। खैर, घटनाक्रम जिस प्रकार से भी घटित हुए हों यह बात तो तय थी कि 1857 की चिंगारी से ही साम्राज्यवादी अंग्रेजी सत्ता का किला जलकर भस्मीभूत हो गया और इस चिंगारी से लगी आग की लपटों ने तत्कालीन अंग्रेजी साम्राज्य को बुरी तरह झुलसा दिया और जड़ों को भी हिला दिया। इस सभी संघर्षो को यदि कोई नेतृत्व प्रदान कर रहा था तो वह था शोषित-पीड़ति किसानों के जुझारू नेता, प्रजा हितैषी, लोकप्रिय शासक नारायण सिंह जिन्हें सर्वप्रथम 1956 में इतिहासविद हरिठाकुर ने 'वीर' की उपाधि से विभूषित किया। तत्पश्चात सोनाखान का अमर बलिदानी वीर नारायण सिंह हो गया। वीर नारायण सिंह के पूर्वज



रतनपुर के कल्चुरी नरेशों की सेना के समर्पित एवं पराक्रमी योद्धा थे। 1493 ई. में बाहरेन्द्रसाय रतनपुर के राजा बनने के पश्चात राजा के द्वारा वीर नारायण सिंह के पूर्वजों के राज्यहित में योगदान को देखकर सोनाखान में जमींदारी प्रदान की गई। यह इस बात का सूचक है कि नारायण सिंह के पूर्वज राज्य एवं राजा के प्रति वफादार थे। जिसके फलस्वरूप उन्हें अन्य विश्वास पूर्ण कार्य भी समय-समय पर रतनपुर के राजा द्वारा प्रदान किये जाते रहे। ज्ञात हो कि 1740-41 में नागपुर (भोंसलों) के अधीन आ जाने के छत्तीसगढ़ का यह हिस्सा (सोनाखान) शासन की दृष्टि से प्रभावित होने लगा और पूर्व में हैहवंशी राजाओं से प्रदत्त सुविधाएं जो सोनाखान को प्राप्त हो रही थी (300 गांव में से 12 गांव शेष रह गए) छिन ली गई अन्याय के विरूद्ध नारायण सिंह के पूर्वजों ने लगातार अपना संघर्ष जारी रखा और गुलामी कभी स्वीकार नही की। परिणाम स्वरूप रामराय जो नारायण सिंह के पिता थे के द्वारा तत्कालीन शासकों के विरूद्ध अपना अभियान जारी रखा। यह बात गौरतलब है कि उस दौर में भी रामराय को उनके प्रयास के प्रजा के द्वारा भरपूर समर्थन मिलता रहा। 1830 ई. में पिता के मृत्यु पश्चात नारायण सिंह 35 वर्ष की अवस्था में उत्तराधिकारी बन अपने पिता की परंपरा के सुयोग्य वाहक बनते हैं।आखिर ऐसी कौन सी बात थी जिसके कारण विवश होकर वीरनारायण सिंह को आजादी की मशाल थामनी पड़ी। किन परिस्थितियों में हजारों हजारोंर-लाखों लोगों की अवाज नारायण सिंह की आवाज हो गई? तो ध्यान आता है कि सोनाखान क्षेत्र में भीषण अकाल पड़ गया। प्रजा को कन्द-मूल, फल यह तक कि पानी भी मिलना दूभर हो गया। इससे परेशान हो जनता सोनाखान में एकत्रित होना शुरू हो गई और लोंगो ने जमींदार नारायण सिंह के नेतृत्व में व्यापारी माखन से संपर्क कर विनती की कि गरीब एवं किसानों के लिए अन्न एवं बीज उपलब्ध करा दे और अपना भंडार खोल दे और यह लेन-देन उधार पर होगा अच्छी फसल होने पर जो कीमत बनती है उसे व्यापारी को लौटा दिया जाएगा पर यह प्रस्ताव जमाखोर व्यापारी द्वारा अस्वीकार कर दिया जाता है। जिससे नारायण सिंह आक्रोषित हो गोदामों को खोलवाकर जरूरतमंद किसानों एवं गरीबों को उनकी आवश्यकता अनुसार वितरित कर देता है। नारायण सिंह अपने इस प्रयास के बारे में रायपुर के डिप्टी कमिश्नर इलियट को 29 अगस्त 1856 को पत्र लिखकर सूचित करता है। अपने इन प्रयासों के पीछे के कारण को बताता है।

*-लेखक प्रभात मिश्र, अखिल भारतीय साहित्य परिषद छत्तीसगढ़ के प्रदेश संयोजक हैं।*

# चुनाव परिणामों के स्पष्ट संकेत



**विस चुनाव**
अवधेश कुमार
वरिष्ठ पत्रकार व विश्लेषक

प्रत्येक चुनाव परिणाम अपने साथ अनेक संकेत और संदेश लाता है। विश्लेषक अपने-अपने दृष्टिकोण से उन संकेतों और संदेशों को प्रस्तुत करते हैं और यह हम पर निर्भर है कि हम उन्हें किस दृष्टिकोण से देखें। मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भाजपा की विजय, दो राज्यों से कांग्रेस सरकारों का जाना तथा तेलंगाना में कांग्रेस की वापसी इन चुनाव परिणामों का साकार सच है। किंतु इस साकार सच के पीछे अनेक ऐसे सच हैं जो भारत के वर्तमान एवं भविष्य के राजनीति तथा सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक दशा- दिशा के संकेत देते हैं। यह साफ है कि कांग्रेस अपने दो राज्य सरकारों के कायम रखने के साथ मध्यप्रदेश में विजय को सुनिश्चित मानकर चल रही थी। ऐसा नहीं होता तो कांग्रेस मुख्यालय में सुबह-सुबह लड्डुओं के भंडार के साथ ढोल नागाड़ों की गूंज तथा कार्यकर्ताओं के उल्लास और उमंग में कूदते नृत्य करते दृश्य सामने नहीं आते। चुनाव परिणाम आने के पहले ही कांग्रेस नेताओं के बयान ऐसे आने लगे थे मानो नरेंद्र मोदी और उनके नेतृत्व में भाजपा के पराभव का दौर शुरू हो चुका है और 2024 में इनका जाना निश्चित है। चुनाव परिणाम बताते हैं कि कांग्रेस जमीनी वास्तविकता से बिल्कुल दूर थी अन्यथा वह प्रतिक्रियाओं और प्रदर्शनों के लिए परिणामों की प्रतीक्षा करती। अगर इसी वर्ष में में हुए कर्नाटक चुनाव परिणाम को याद रखें तो भाजपा ने किसी तरह का उमंग नहीं दिखाया था। इसका अर्थ है कि उसे काफी हद तक सच्चाई का आभास था।

राजस्थान में जादूगर कहलान वाले अशोक गहलोत के 25 में से 17 मंत्रियों को हार का सामना करना पड़ा। इसी तरह छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और तीन मंत्रियों को छोड़कर उपमुख्यमंत्री की एस सिंहदेव समेत 9 मंत्री चुनाव हार गए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज को बस्तर की चित्रकूट सीट से हार का सामना करना पड़ा। तेलंगाना में मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव कामरेड्डी सीट से भाजपा उम्मीदवार वेंकटरमना रेड्डी से चुनाव हार गए। यहां कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रेवंत रेड्डी भी उम्मीदवार थे। यह अलग बात है कि के चंद्रशेखर राव और रेवंत दूसरी सीट से चुनाव जीते। मध्यप्रदेश में दो तिहाई बहुमत प्राप्त करने वाली भाजपा के शिवराज सिंह सरकार के 12 मंत्री, एक केंद्रीय मंत्री और एक सांसद भी पराजित हो गए। राजस्थान में भी भाजपा के नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ और उपनेता सतीश पूनिया चुनाव हार गए। छत्तीसगढ़ में भाजपा ने केंद्रीय मंत्री रेणुका सिंह सहित चार सांसद लड़ाये। इनमें दुर्ग के सांसद विजय बघेल अपने संबंधों में चाचा और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से हार गए। राजस्थान में 32 स्थानों पर जीत हार का फैसला पांच हजार या उससे कम वोटों से हुआ। इन सबके भी कुछ मायने हैं।

इसी तरह महिला मतदाताओं के आंकड़े भी काफी कुछ कहते हैं। उदाहरण के लिए मध्यप्रदेश में 1993 में महिला मतदाताओं में से सिर्फ 52% महिलाओं ने मतदान किया था जबकि 2023 में यह आंकड़ा 76 तक पहुंच गया है। 34 विधानसभा क्षेत्र में महिलाओं ने पुरुषों से ज्यादा मतदान किया और इनमें से अधिकांश सीटों पर भाजपा जीती। छत्तीसगढ़ की 90 में से 50 सीटों



पर महिलाओं ने ज्यादा मतदान किया। इन में करीब 29 सीटें ऐसी हैं जिनमें महिलाओं ने निर्णायक भूमिका निभाई। राजस्थान के कुल 75.45 प्रतिशत मतदान में महिलाओं की भागीदारी 74.72% और पुरुषों की 74.53% रही। यानी 0.19% अधिक महिलाओं ने सरकार चुनने में भूमिका निभाई।

इस चुनाव का एक और प्रमुख पहलू है, मुस्लिम वोटो का कांग्रेस की ओर रुझान। मध्यप्रदेश के आंकड़े बताते हैं कि मुसलमानों के निर्णायक सीटों पर कांग्रेस को जीत मिली है। तेलंगाना में कांग्रेस की जीत का एक बड़ा कारण मुस्लिम मतदाताओं का बीआरएस से निकलकर कांग्रेस की ओर आना है। के चंद्रशेखर राव ने मुस्लिम मतदाताओं को खुश करने के लिए अनेक योजनाओं की घोषणाएं की। मुसलमान शादीखाना निर्माण के लिए एक लाख की सहायता, मुसलमानों के लिए 296 आवासीय विद्यालय योजना, मुसलमान के आरक्षण का दायरा 4% से बढ़कर 12% करने का विधेयक पारित करना, केवल मुसलमानों के लिए अलग से आईटी पार्क की घोषणा तथा ओबीसी से हाथ मिलने जैसे कदमों के पीछे निश्चित रूप से मुसलमान का एक वोट पाने का ही लक्ष्य था। कुल मिलाकर 13 प्रतिशत आबादी पर 12000 करोड़ अतिरिक्त खर्च किए। बावजूद चुनावी आंकड़ों का विश्लेषण बताता है कि मुसलमान ने उनका साथ नहीं दिया। वास्तव में जिस तरह कर्नाटक में मुस्लिम मतदाताओं ने जद- सेकुलर का परित्याग कर कांग्रेस को मजबूत किया ठीक वही प्रवृत्ति तेलंगाना में दिखी है। निष्कर्ष यह निकाला जा रहा है कि मुस्लिम बिरादरी क्षेत्रीय दलों को छोड़कर राष्ट्रीय राजनीति में प्रभाव बढ़ाने के लिए कांग्रेस की ओर मुड़ रही है। चारों राज्यों में मुसलमान का वोट बीजेपी को न के बराबर मिला है। निश्चय ही इस तरह के ध्रुवीकरण की प्रतिक्रिया में दूसरी ओर भी ध्रुवीकरण होता है।

अगर राजस्थान में लौटें तो कन्हैयालाल की गला काटकर हत्या, करौली कांड , जयपुर बम धमाकों के आरोपियों का छूटना आदि को भाजपा ने मुद्दा बनाया और इसका असर परिणाम पर साफ दिखाई दे रहा है। तेलंगाना में हिंदू समुदाय के एक बहुत बड़े हिस्से ने कांग्रेस और बीआरएस के साथ जाने की जगह बीजेपी का पक्ष लिया। मुस्लिम समुदाय के एक दल के पक्ष में ध्रुवीकृत होने की प्रतिक्रिया में होने वाले ध्रुवीकरण में जातीय सीमाएं हमेशा टूटती हैं। यह प्रवृत्ति सभी राज्यों में दिखाई दे रही है। आगामी लोकसभा चुनाव में यह प्रवृत्ति ज्यादा खुले रूप में दिखाई पड़ सकती है। इसी तरह कांग्रेस द्वारा जाति जनगणना को बड़ा मुद्दा बनाने के बावजूद कांग्रेस के खाते में अति पिछड़ा वर्ग, दलित और आदिवासियों का वोट काफी काम आया। मध्यप्रदेश की लगभग 60 अन्य पिछड़ा वर्ग की बहुमत वाली सीटों में से भाजपा ने 40 से ज्यादा जीती। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस पिछड़ों के बहुमत वाली 30 सीटों पर पार्टी हार गई। यही नहीं 21 आदिवासी बहुल सीट भी कांग्रेस के हाथों से निकल गई। आदिवासी सीटों पर भाजपा की सफलता के मायने बिल्कुल साफ हैं। भारत आदिवासी पार्टी प्रवेश किया, किंतु ज्यादा सफलता भाजपा को ही मिली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चुनाव परिणाम के बाद अपने संबोधन में जातीय जनगणना के विरुद्ध आक्रामक बयान तथा केवल चार जातियों की बात इसी प्रवृत्ति से उत्पन्न आत्मविश्वास की परिणति थी।

साफ है कि इन तथ्यों को नकारकर आप परिणाम के सारे संदेश नहीं पढ़ सकते। जो पार्टी और नेता इन संकेतों और संदेशों की ईमानदार समीक्षा कर उसके अनुसार विचार, व्यवहार और रणनीति में आवश्यक बदलाव लाएंगे वो आगे सफल होंगे और जो नहीं लेंगे उनके लिए सफलता कठिन होगी। अभी तक किसी पार्टी ने परिणामों की समीक्षा और ईमानदारी से इन कारकों को स्वीकार कर परिवर्तन का संकेत नहीं दिया है। कांग्रेस ने हर जगह पुरानी पेंशन योजना लागू करने व फ्रीबिज की घोषणाएं की थी, पर काम ना आईं। इसलिए सभी दल विस से मिले संकेत को समझें।

## कोर्ट ने गैंगस्टर एक्ट में सुनाई आरोपी को 2 साल की सजा

हाथरस। पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में मॉनिटरिंग सेल तथा अभियोजन की प्रभावी पैरवी के परिणाम स्वरुप न्यायालय द्वारा थाना सादाबाद के गैंगस्टर एक्ट के अभियोग से सम्बन्धित 1 अभियुक्त को 2 वर्ष का कारावास व 5 हजार रुपए के अर्थदंड की सजा सुनायी गई है। पुलिस के मुताबिक थाना सादाबाद पर पंजीकृत मुकदमा धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट बनाम बंटी उर्फ विवेक पुत्र शंकरलाल निवासी सराय बाजार थाना इगलास अलीगढ़ में अभियोग की विवेचना तत्परता से गुणवत्ता कायम रखते हुए पूर्ण की गयी तथा आरोपियों के विरूद्ध आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया। पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में उपर्युक्त अभियोग को प्राथमिकता के आधार पर अपने निकट पर्यवेक्षण में मॉनीटरिंग सेल के माध्यम से अभियोग का न्यायालय में विचारण के दौरान सम्यक पैरवी एवं प्रभावी कार्यवाही की गई तथा अभियोजन शाखा द्वारा भी प्रभावी पैरवी की गई।

# भाजपा सरकार कर रही मछुआ समाज का विकास : डॉ संजय निषाद

अमन लेखनी समाचार




जौनपुर । निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री डॉ संजय कुमार निषाद ने आज रविवार को कहा कि भाजपा सरकार मछुआ समाज का उत्थान कर रही है। डॉ संजय कुमार निषाद आज जिले के शाहगंज विधानसभा क्षेत्र के बूढ़ुपुर गांव में पार्टी के जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सपा बसपा की सरकारों ने मछुआ समाज का हक मारते हुए कानून बनाया कि जो भी समाज मछली पालन करेगा वही मछुआ समुदाय का माना जाएगा, किंतु मेरे प्रयास से वर्तमान सरकार ने इस काले कानून को निरस्त किया। उन्होंने आह्वान किया कि निषादों का गौरवशाली इतिहास रहा है। जिन भी सरकारों ने निषाद समाज के साथ छल लिया उसे सत्ता से हटाने का एक काम निषाद समाज ने किया।

विधायक शाहगंज रमेश सिंह ने कहा कि मुझे विरासत में एक बीमारू विधानसभा मिली थी। बीते दो दशकों में क्षेत्र में एक भी बड़ा काम नहीं हुआ। पिछले डेढ़ सालों में शाहगंज बाईपास, शाहगंज बस डिपो का कायाकल्प, शाहगंज रेलवे स्टेशन, कस्तूरबा आवासीय विद्यालय,गैरवांह में एथेनॉल प्लांट की स्थापना सहित दर्जनों सड़कों सहित पुल-पुलियों का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इस दौरान वर्षो से जर्जर सरायमोहिउद्दीनपुर-बूडूपुर मार्ग के निर्माण का शिलान्यास किया गया। सम्मेलन को प्रदेश अध्यक्ष रवीन्द्रमणि निषाद, डॉ अमित निषाद, संगठन अध्यक्ष प्रेम नारायण निषाद आदि ने भी संबोधित किया तथा मंच पर मुख्य रूप से बाबूराम निषाद, सुरेंद्र निषाद, चंदन निषाद, बेचन सिंह,रिगन सिंह आदि उपस्थित रहे। संचालन चंद्रेज निषाद ने किया तथा आभार विधायक रमेश सिंह ने व्यक्त किया।

## बीईओ की अध्यक्षता में हुई अभिभावकों की बैठक

अमन लेखनी समाचार/फैजान



बहराइच, कैसरगंज। विकास खण्ड कैसरगंज के प्राथमिक विद्यालय चाकसौगहना में छात्र-छात्राओं के अभिभावकों के साथ खंड शिक्षा अधिकारी जे. बी. चौधरी की अध्यक्षता में बैठक की गई जिसमें सभी अभिभावकों को खंड शिक्षा अधिकारी कैसरगंज ने अपने संबोधन में अपील करते हुए कहा कि अपने बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए समय पर विद्यालय में भेजने का दायित्व निभाएं जिससे बच्चों की पढ़ाई में बाधा ना पड़े और लगातार विद्यालय पहुंचने पर पढ़ाई के प्रति बच्चों में एक अलग छवि पाई जाती है। जिससे यही बच्चे आने वाले कल में आपका और आपके परिवार क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे। सरकार द्वारा दी जाने वाली सेवाएं भी सभी बच्चों तक बराबर पहुंच रही है। हर परिजन का यही सपना होता है कि हमारा बच्चा पढ़ लिख कर हमारा और परिवार का नाम रोशन करें और यह तभी संभव हो पाएगा जब आप लोग स्वयं अपने बच्चों को समय पर विद्यालय बराबर भिजवाने का काम करेंगे। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका साजदा नौशाद, सहायक अध्यापक अंकिता सिंह ने कहा कि इन बच्चों के भविष्य का जिम्मेदार माता-पिता ही होते हैं। जो माता-पिता अपने बच्चों का ख्याल रखते हैं। विद्यालय गया बच्चा वापस आने के बाद क्या काम करता है, दिए गए होमवर्क को पूरा करना और बच्चों को साफ सुथरा कपड़े पहनना नाखून काटना विद्यालय पहुंचाना यह पहली सीढ़ी होती है और जो इसमें सफल होता है वही जीवन में भी सफलता की चाबी अपने हाथ में लेता है। इस मौके पर शमीम खान,राजेश मौर्या. मुशीर खान,सरिता सिंह,नसीरुद्दीन, अबूशहमा सिद्दीकी , मुश्ताक अहमद आदि लोग मौजूद रहे।

# भगवान राम लला के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को

अमन लेखनी समाचार



अयोध्या। मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम की जन्मभूमि पर भगवान श्री राम लला का भव्य मंदिर का निर्माण हो रहा है निर्माण कार्य में गर्भ गृह बन कर तैयार है प्रथम फ्लोर का निर्माण कार्य चल रहा है और भगवान राम लला के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की जानी है जिसको लेकर 22 जनवरी 2024 को मकर संक्रांति के बाद सूर्य के उत्तरायण होने के साथ श्री राम जन्मभूमि मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की तैयारी शुरू हो जाएगी लिहाजा राम भक्तों की भी जिज्ञासा होगी कि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में किस दिन क्या होगा और यह पूरा प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम किस तरह किया जाएगा इसी के साथ यह भी जानने की जिज्ञासा होगा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दिन 22 जनवरी को श्री राम जन्मभूमि परिसर पहुंचेंगे तो वह क्या-क्या करेंगे ...

सबसे पहले तो यह जान लीजिए की 22 जनवरी 2024 को जब रामलला का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम संपन्न होगा और श्रद्धालु भव्य मंदिर में अपने आराध्य के दर्शन करेंगे तो उन्हें श्री राम की एक नहीं दो मूर्तियां दिखाई देगी मंदिर के गर्भ गृह के मुख्य चबूतरे पर नवनिर्मित वह मूर्ति होगी जिसकी प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को खास मुहूर्त में की जाएगी श्री राम की दूसरी मूर्ति अस्थाई मंदिर से ले जाकर वहां विराजमान की जाएगी लेकिन इस मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा नहीं होगी इन मूर्तियों को चल मूर्ति या उत्सव मूर्ति कहा जाएगा ।

अब बात करें प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की तो लंबे इंतजार के बाद रामलला का भव्य मंदिर बन रहा है तो प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम भी लंबा और भव्य होने वाला है लिहाजा सूर्य उत्तरायण होते ही इसकी तैयारी शुरू हो जाएंगी मकर संक्रांति के दिन 15 जनवरी को सभी तैयारियां को परखा जाएगा हर अनुष्ठान के यजमान होते हैं लिहाजा 16 जनवरी को श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट द्वारा चुने गए यजमान के द्वारा सरयू तट पर दशविध स्नान विष्णु पूजन, पंचगव्य प्राशन, और गोदान के साथ उन लोगों को भी श्रद्धांजलि दी जाएगी जिन्होंने श्री राम जन्मभूमि मंदिर आंदोलन के दौरान अपना सर्वस्व बलिदान किया था 17 जनवरी को अयोध्या में राम भक्तों का विहंगम सैलाब दिखाई देगा क्योंकि इसी दिन कलश यात्रा के साथ नवनिर्मित रामलला की मूर्ति का नगर भ्रमण होगा नगर भ्रमण के बाद प्राण प्रतिष्ठित होने वाली इस मूर्ति को श्री राम जन्मभूमि मंदिर ले जाया जाएगा रामलला की मूर्ति मंदिर में पहुंचने के बाद प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का विधि विधान से शुभारंभ हो जाएगा इसलिए 18 जनवरी को सबसे पहले मंडप प्रवेश पूजन , वास्तु पूजन वरुण पूजन , विघ्नहर्ता गणेश पूजन और मार्तिका पूजन के साथ रामलला की मूर्ति का जलाधिवास शुरू हो जाएगा अब जैसा कि आप जानते हैं अनुष्ठान और यज्ञ पूजन के लिए अग्नि का प्रज्वलन होता है लिहाजा 19 जनवरी को राम मंदिर में भी अग्नि का प्रज्वलन होगा लेकिन खास विधि द्वारा राम मंदिर के लिए अग्नि का प्रज्वलन अरणीय मंथन के जरिए होगा इस विधि में लंबी सी वर्मा की तरह लकड़ी से बने खास यंत्र ( जिसे लकड़ी में पहले छेद करने के लिए इस्तेमाल किया जाता था ) उसी का इस्तेमाल होगा बस वर्मा यंत्र की तरह इसमें नीचे लोहे का सूजा नही होगा इस लकड़ी में डोरी लगाकर मंथन किया जाएगा लकड़ी के घर्षण से अग्नि प्रकट होगी जिस अग्नि को रामलला के प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान की अग्नि जागृत करने में होगा अग्नि प्रज्वलन करने के बाद सबसे पहले यज्ञवेदी में वैदिक विधि से हवन होगा इसी के साथ प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान की शुरूआत हो जाएगी इसी दिन नौ ग्रह की स्थापना भी होगी ।

अनुष्ठान की शुरूआत होने के बाद 20 जनवरी को श्री राम जन्मभूमि मंदिर को 81 कलशो में इकट्ठा किए गए अलग-अलग नदियों के जल से पवित्र किया जाएगा और वास्तु शांति अनुष्ठान के साथ राम लला की मूर्ति का अन्नाभिषेक होगा इसी तरह 21 जनवरी को यज्ञ विधि में विशेष पूजन और हवन के बीच राम लला का 125 कलशो से दिव्य स्नान होगा इसी के बाद राम लला की मूर्ति का शय्याधिवास और फिर मूर्ति की स्थापना हो जाएगी ।

अब बात करें 22 जनवरी की जिस दिन रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होनी है तो उस दिन मध्यकाल में मृगशिरा नक्षत्र में प्राण प्रतिष्ठा की महापूजा होगी इस खास पूजा की समाप्ति के बाद प्राण प्रतिष्ठित मूर्ति पर अक्षत डालने के बाद महा आरती होगी जिसमें खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मौजूद रहेंगे जो उस दिन प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के यजमान होंगे ।

. 16 तारीख को लगभग कुछ भी नहीं होगा 17 तारीख को भगवान रामलला अपने निर्माण स्थल से मंदिर में पधराये जाएंगे वहां पर उनका विद्वत स्वागत होगा सारी पूजा जो है उसी दिन प्रात काल प्रारंभ होने वाली है दिनांक 18 से 22 तक यह पूजा चलेगी वैसे यह सारी पूजाएं जो हैं यह भगवान श्री राम की प्रतिष्ठा होने के लिए निर्विघ्नता के कारण उनमें देव कलाओं की जागृति के लिए जो मंदिर बना है उस मंदिर की शुद्धि के लिए इस प्रकार की यह सारी पूजाएं हैं इन पूजन में अनेक प्रकार के यज्ञ हैं पारायण हैं मंत्रोजाप है यह कार्यक्रम चलता रहेगा भगवान श्री रामलला का विग्रह जब स्थापित होगा तो उनको उनके लिए पुष्पा आदिवासी जलादिवास शयादिवास अनेक प्रकार के आदिवासन किए जाते हैं विभिन्न प्रकार के मन्त्रो से उनके ऊपर न्यास किए जाते हैं यह सब मित्रों के संस्कार कहलाते हैं यह सब 5 दिन तक चलता रहेगा ।

## प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता कार्यक्रम का किया गया आयोजन



अमन लेखनी समाचार

फखरपुर, बहराइच। शनिवार को ब्लाक फखरपुर के ग्राम कुड़ासपारा जूनियर हाई स्कूल में समाजसेवी संतोष कुमार उपाध्याय के द्वारा बच्चों के उत्साहवर्धन हेतु ज्ञान प्रशिक्षण पुरस्कार प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सैकड़ों की संख्या में मेधावी छात्र एवं छात्राओं को कॉपी पेन पुरस्कार के रूप में प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कैसरगंज के शिक्षक शिवनाथ गौतम एवं तहसील अधिवक्ता योगेश मिश्र तथा बद्री विशाल अवस्थी उपस्थित रहे। जूनियर हाईस्कूल कुड़ासपारा के प्रधानाध्यापक मालती देवी विश्वकर्मा, मोहम्मद बिलाल अंसारी, प्राइमरी पाठसाला की प्रधानाध्यापक हाजरा मैडम तथा सहायक अध्यापक मोहम्मद रहीस के साथ साथ समस्त शिक्षकों ने समाजसेवी संतोष कुमार उपाध्याय के द्वारा किए गए इस महत्वपूर्ण कार्य की जमकर सराहना करते हुए धन्यवाद दिया और कहा कि शिक्षा देश के विकास की जननी है। अतः प्रत्येक क्षेत्र में बच्चों में शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ाने एवं उत्साहवर्धन हेतु ऐसे समाजसेवी संतोष कुमार उपाध्याय जैसे लोगों को आगे आना अति आवश्यक है। वहीं पर संतोष कुमार उपाध्याय ने बताया कि बच्चे हमारे समाज, क्षेत्र व देश का भविष्य हैं।

## मां पार्वती देवी इंटर कॉलेज बरदहा कलां में सांसद खेल स्पर्धा कार्यक्रम का आयोजन

**मुख्य अतिथि एम एल सी पदमसेन चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि विधायक नानपारा राम निवास वर्मा**

अमन लेखनी समाचार



शिवपुर बहराइच। शिवपुर विकासखंड क्षेत्र के बरदहा कला स्थित मां पार्वती देवी इंटर कालेज में सांसद खेल स्पर्धा खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि पदम सैन चौधरी तथा विशिष्ट अतिथि नानपारा विधायक रामनिवास वर्मा रहे। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपना कौशल दिखाया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि पदम सेन चौधरी व नानपारा विधायक रामनिवास वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। विजेता खिलाड़ियों को अतिथियों ने मेडल व सील्ड देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने प्रतियोगिता को संबोधित करते हुए कहा कि खेल शरीर को निरोग रखने का एक अच्छा उपाय है, खेल से हमारे अंदर टीम भावना जागृत होती है। प्रतियोगिता में खो-खो कबड्डी वॉलीबॉल 200 400 और 800 मी दौड़ का आयोजन किया गया। जिसमें 200 से अधिक प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का संचालन राधेश्याम कनौजिया, रवि शंकर शुक्ला ने संयुक्त रूप से किया। पहले वॉली बॉल मैच में अलीनगर की टीम विजेता हुई लेकिन फाइनल मैच के विजेता बरदहा टीम रही। इस दौरान खंड विकास अधिकारी हेमंत यादव, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सुधीर यज्ञ सैनी, पूर्व जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष घनश्याम सिंह, प्रधानाध्यापक अनुपम शर्मा, प्रधान संघ शिवपुर अध्यक्ष कमला प्रसाद वर्मा, अमन वर्मा, अनुराग मिश्रा, सहित अन्य मौजूद रहे।

## विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों ने दिखाये हुनर

**विज्ञान प्रदर्शनी में स्वचालित ड्रोन रहा आकर्षण का केंद्र**

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। रविवार को कंचन कॉन्वेंट स्कूल में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों द्वारा बनाये गए मॉडल्स आकर्षण का केंद्र रहे। स्कूल कैम्पस में आयोजित प्रदर्शनी के मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा तथा एसडीएम कैसरगंज पंकज दीक्षित, ब्लॉक प्रमुख संदीप सिंह विशेन विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम के अतिथियों ने विभिन्न स्टालों पर छात्रों द्वारा निर्मित मॉडल का अवलोकन किया तथा उनसे प्रश्न भी पूछे। छात्रों द्वारा प्रश्नो के जवाब पर पूर्व सहकारिता मंत्री ने बच्चों की हौसला अफजाई की। बच्चों ने भी अपने मॉडलों से संबंधित विज्ञान के सिद्धांत व कार्य प्रणाली को बड़ी सरलता से समझाया।प्रदर्शनी में छात्रों के द्वारा बनाये मॉडल्स देखकर स्थानीय लोगो में भी विज्ञान के प्रति उत्सुकता साफ नजर आई।विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने एक से बढ़कर एक मॉडल प्रस्तुत किए। छात्रों ने रिमोट चालित ड्रोन, फायर अलार्म, एंटी थेफ़्ट अलार्म, सोलर पॉवर आधारित सिंचाई मॉडल, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, त्रिआयामी आवर्त सारिणी, रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्लांट, न्यूक्लियर पॉवर प्लांट, वाटर टर्बाइन इलेक्ट्रिसिटी मॉडल, लेजर सिक्योरिटी सिस्टम, एकीकृत कृषि उद्योग मॉडल, भूकम्प सूचक यंत्र, प्रोजेक्टर, पेरिस्कोप समेत 50 से अधिक मॉडल बना स्टॉल पर प्रदर्शित किये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री वर्मा ने कहा कि विद्यालय द्वारा ऐसे आयोजनों से छात्र-छात्राओं में छिपी प्रतिभाओ को सामने आने के अवसर मिलते है। कंचन कॉन्वेंट स्कूल के शिक्षकों द्वारा छात्रों को संस्कारित करने के साथ ही आधुनिक शिक्षा में भी प्रवीण किया जाता है। विद्यालय के छात्रों का प्रयास सराहनीय है। कार्यक्रम के अंत मे मुख्य अतिथि द्वारा सभी छात्रों को पुरस्कार प्रदान किये गए। विद्यालय की तरफ से प्रबंधक एम श्रीवास्तव, व डिप्टी डायरेक्टर अगम स्वरूप श्रीवास्तव ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंत मे को-डायरेक्टर संगीता श्रीवास्तव ने अतिथियों का आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर विधानसभा संयोजक गौरव वर्मा, डॉ० अरविंद सिंह, सुबेद वर्मा, नीरज श्रीवास्तव, शिवसहाय सिंह, कौशलेंद्र चौधरी, भगवानदास सोनी, शिवानंद सिंह, हिमांशु सिंह, अतुल यज्ञसैनी तथा शिक्षक रंजीत सिंह, पीएल यादव, पवन सिंह, प्रदीप श्रीवास्तव, उमाशंकर यादव, अबरार अहमद, नसीब, आदित्य सिंह, रामजी मिश्र, राजेश मिश्रा, विजय मिश्र, मालती सिंह, सुधा सिंह, शीबा, आयशा, वैशाली, क्षमा, साक्षी, उम्मेरुबी, वरिशा, अभिभावक, छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## उर्रा प्रीमियर लीग सीजन 6 की विजेता बनी टाईगर इलेवन टीम

**उर्रा में चल रहे मैच का हुआ समापन**

अमन लेखनी समाचार



मोतीपुर, बहराइच। ग्रामीण क्षेत्र में युवा खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने और उन्हें एक मंच प्रदान करने के आयोजित मैच में खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन कर दर्शकों का मन जीत लिया। मौके पर मौजूद अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए उन्हें सराहा और पुष्कृत किया। तहसील मिहींपुरवा क्षेत्र में 18 दिन से लगातार चल रहा उर्रा में भव्य उर्रा प्रीमियर लीग का समापन टाइगर 11 ने जीत कर मैच फाइनल किया है। मैच विराज 11 व टाइगर 11 के साथ हुआ। जिसमें टॉस जीतकर विराज 11 ने गेंदबाजी किया टाइगर 11 ने धमाकेदार 10 ओवर में 150 रन बनाए जिसमें रवि राय ने 80 रन की और कप्तान जितेंद्र विश्वकर्मा ने 11 गेंद में 9 छक्का की सहायता से 55 रन की पारी खेली पीछा करने उतरी विराज 11 ने 10 ओवर में सिर्फ 97 रन पर ही ऑल आउट हो गई। जिसमें सबसे ज्यादा रन गौरव कुशवाहा ने 35 रन की पारी खेली और इस तरह से टाइगर 11 ने 53 रन से मैच जीता और कमेटी के सदस्य अध्यक्ष आरपी निगम, उपाध्यक्ष संदीप समाजसेवी, नासिर खान,कोषाध्यक्ष सुनील मौर्य, जेई संदीप मौर्य, असलम अंसारी,आशीष (आशु), राधेश्याम गौड़ और पीयूष मौर्य के साथ ही अन्य पदाधिकारी और हजारों की संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

## एक किलो चरस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**बरामद चरस की कीमत करीब 40 लाख रुपये**

**एसएसबी व पुलिस की संयुक्त टीम को मिली सफलता**

अमन लेखनी समाचार




रूपईडीहा, बहराइच। पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा द्वारा अपराध एवं अपराधियो की गिरफ्तारी व मादक पदार्थ की तस्करी की रोकथाम के सम्बन्ध मे चलाये जा रहे अभियान के अनुक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) डॉ0 पवित्र मोहन त्रिपाठी व क्षेत्राधिकारी नानपारा राहुल पाण्डेय के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक थाना रूपईडीहा शमशेर बहादुर सिंह के कुशल नेतृत्व में उ0नि0 विजय कुमार मय पुलिस बल व एसएसबी की संयुक्त टीम द्वारा शनिवार को अभियुक्त गोविन्द चलाउने पुत्र दर्द चलाउने उम्र 25 वर्ष निवासी बारेकोट जिला जाजरकोट राष्ट्र नेपाल को संयुक्त चैकिंग के दौरान 01 किलो अवैध चरस के साथ एसएसबी चैक पोस्ट रूपईडीहा से गिरफ्तार किया गया। जिसके सम्बन्ध मे थाना रूपईडीहा जनपद बहराइच पर एनडीपीएस एक्ट सहित विभिन्न धाराओं मे मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्त गोविन्द चलाउने पुत्र दर्द चलाउने न्यायालय सदर रवाना किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली टीम मे रूपईडीहा पुलिस से उपनिरीक्षक विजय कुमार, जितेश कुमार सिंह, मुख्य आरक्षी रवि सिंह, आरक्षी धीरज कुमार, राहुल सिंह प्रथम, हेमन्त कुमार तथा एसएसबी के एएसआई सुजीत कुमार दास, हेड कॉन्स्टबल रोशन लाल, अनूप कुमार पाठक, धनेश्वर पाटिल, राजकपूर, अरविन्द यादव, रानी कुमारी, निजारा, रोशनी बेन, यादव सुरेन्द्र, जगदीश प्रसाद ( डाग हेण्डलर ) शामिल रहे।

## व्यापार मंडल प्रदेश अध्यक्ष की माताजी के निधन पर शोक

अमन लेखनी समाचार

सासनी। नगर के पूर्व चेयरमैन व उद्योगपति वरिष्ठा समाजसेवी स्वर्गीय इंजीनियर नमेश चंद्र वार्ष्णेय की धर्मपत्नी तथा भाजपा उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल के मंत्री निर्देश चंद्र वार्ष्णेय की माताजी श्रीमती गायत्री देवी का लंबी बीमारी के चलते 79 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन पर सासनी के बुजुर्गों एवं कवियों की सामाजिक एवं साहित्यिक संस्था साहित्यानंद ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए एक शोकसभा का आयोजन किया ।

शनिवार को आयोजित शोक सभा में वक्ताओं ने श्रीमती गायत्री देवी के निधन को समाज की अपूर्णनीय क्षति बताया। तथा दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिवार के धैर्य धारण हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई। इस अवसर पर पंडित रामनिवास उपाध्याय, वीरेंद्र जैन नारद, नेहा वार्ष्णेय, मुरारी लाल शर्मा, सुरेश चंद्र शर्मा, विष्णु शर्मा बैंक वाले, रविराज सिंह, एमपी सिंह, वीरपाल सिंह वीर, हनीफ संदली, डॉक्टर शाहिद संदली, धर्मेंद्र यदुवंशी, कालीचरण कुशवाहा, सुरेश चंन्द्र वार्ष्णेय, सुरेश चंद्र अग्रवाल, कैलाश चंद भूमिधर, लालता प्रसाद माहौर, विनोद जायसवाल आदि मौजूद थे।

## विद्युत जूनियर इंजीनियर संगठन का चुनाव संपन्न

**संजय पासवान जिला अध्यक्ष तो पवन कुमार जिला सचिव निर्वाचित**

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर संगठन जनपद बहराइच का चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें इंजीनियर संजय पासवान जिला अध्यक्ष नियुक्त हुए एवं इंजीनियर पवन कुमार जिला सचिव निर्वाचित हुए। राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर संगठन के जनपद शाखा बहराइच का वर्ष 2024 के कार्यकारिणी का निर्वाचन संगठन भवन बहराइच पर क्षेत्रीय अध्यक्ष इंजीनियर रामजी बतौर निर्वाचन अधिकारी के देखरेख में संपन्न हुआ। जिसमें सर्वसम्मति से पदाधिकारी निर्वाचित किए गए। संरक्षक इंजीनियर गया सिंह, अध्यक्ष संजय कुमार पासवान, वरिष्ठ उपाध्यक्ष वेद प्रकाश यादव, सचिव पवन कुमार निर्वाचित हुए। सभी निर्वाचित पदाधिकारी को रामजी निर्वाचन अधिकारी के द्वारा पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजय कुमार पासवान ने कहा की वर्तमान में क्षेत्र में अवर अभियंता को अनेकों प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है तथा अवर अभियंता संवर्ग के अनेकों स्थानीय स्तर की समस्याएं विद्यमान है जिसका निस्तारण करना नव निर्वाचित कार्यकारिणी की प्राथमिकता होगी। संगठन के समस्त पदाधिकारी एवं सभी सदस्यों द्वारा वर्तमान में चल रहे ओटीएस अभियान को सफल बनाने हेतु संकल्प दोहराया गया और प्रबंधन व सरकार के साथ मिलकर कार्य करने की आवश्यकता बताया गया। निर्वाचन कार्यक्रम में इंजीनियर सीडी गुप्ता, राजतिलक गौतम, शशिकांत यादव, सुनील वर्मा, आलोक कुमार, ओमप्रकाश, अजय कुमार, राजेश कुमार, बृजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## पीएम आवास योजना का भूमि पूजन आज

हाथरस। जिला समन्वयक ने बताया है कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत मुख्यालय डूडा लखनऊ के निदेर्शानुसार नवीन स्वीकृत लाभार्थियों का भूमि पूजन सांसद, विधायक सदर एवं नगर पालिका परिषद अध्यक्ष द्वारा 10 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे नगर पालिका परिसर में किया जाना है। योजनान्तर्गत नवीन स्वीकृत लाभार्थी कार्यक्रम स्थल नगर पालिका परिसर में 10 दिसम्बर को प्रातः 11:00 बजे कार्यक्रम में प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

## स्वास्थ्य विभाग को मिली नई एंबुलेंस ब्लॉक में भेजीं

**हाथरस।** जनपद की स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से शासन द्वारा जिले के लिए चार नई एंबुलेंस भेजी गई है और यह एंबुलेंस आज से स्वास्थ्य विभाग के बेड़े में शामिल हो गई है। महानिदेशक स्वास्थ्य विभाग लखनऊ से जनपद को 4 नई 102 एंबुलेंस प्राप्त हुई हैं। चारों नवीन एंबुलेंस को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनजीत सिंह द्वारा कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी से फीता काटकर हरी झंडी दिखाते हुए ब्लॉकों में रवाना किया गया। ताकि जनपद की स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाया जा सके। इस दौरान चतुर सिंह स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी, दुष्यंत सिंह प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर, निशांत जनपद कोऑर्डिनेटर, एंबुलेंस चालक एवं एमटी और अन्य उपस्थित थे।

## जिले के नवागत पुलिस कप्तान निपुण अग्रवाल ने लिया चार्ज

हाथरस। नवागंतुक पुलिस अधीक्षक निपुण अग्रवाल द्वारा आज पुलिस अधीक्षक जनपद हाथरस के पद का चार्ज ग्रहण कर लिया गया है। इस दौरान पुलिस अधीक्षक निपुण अग्रवाल द्वारा सभी अधिकारियों से परिचय प्राप्त कर जनपद की पृष्ठभूमि की बारे में जानकारी की गई तथा जनपद में प्रचलित अभियानों को सख्ती से पालन हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। नवागत पुलिस कप्तान निपुण अग्रवाल द्वारा अपना पदभार ग्रहण करने के उपरांत मीडिया से भी मुलाकात की गई और मीडिया से मुलाकात के दौरान उन्होंने अपनी प्राथमिकता गिनाते हुए कहा कि अपराधों पर सख्ती के साथ अंकुश लगाया जाएगा और किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने कहा कि पीड़ित को न्याय व उसकी मदद करना पुलिस की प्राथमिकता में है। उन्होंने कहा कि अवैध कार्य करने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी और फरियादी की प्राथमिकता के आधार पर सुनवायी की जाएगी।

# लाभार्थियों का पथ तय करता हुआ अंबूपुर बेरहवा पहुंचा पीएम का गारंटी रथ, जोरदार स्वागत

**केंद्रीय मंत्री ने दी लाभार्थियों को सौगातें, खिले चेहरे**

**पीएम कार्यक्रम की हुई लाइव स्ट्रीमिंग, ग्रामीणों संग केंद्रीय मंत्री ने देखा और सुना**

**नारी, युवा, किसान और हमारे गरीब परिवार, यही सबसे बड़ी जाति : टेनी**

अमन लेखनी समाचार

लखीमपुर खीरी। शनिवार को नोडल अफसर बीडीओ आलोक वर्मा की अगुवाई में विकसित भारत संकल्प यात्रा तहसील व ब्लॉक लखीमपुर के ग्राम अंबूपुर बेरहवा पहुंची, जहा भव्य कार्यक्रम हुआ। इस दौरान विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से पीएम नरेंद्र मोदी से वर्चुअली बातचीत कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग हुई, जिसमें केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी ने विधायक योगेश वर्मा, मंजू त्यागी, डीसीबी अध्यक्ष विनीत मनार, सीडीओ अनिल कुमार सिंह, पीआईबी निदेशक मनोज वर्मा, डीडीओ दिनकर विद्यार्थी, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों संग देखा, सुना।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी ने कहा कि पीएम के लिए देश में चार जातियां ही सबसे बड़ी जातियां है। जब मैं इन चार जातियों की बात करता हूं, तब हमारी नारी, युवा, किसान और हमारे गरीब परिवार इन चार जातियों को सशक्त करने से ही देश सशक्त होने वाला है। 'विकसित भारत' का संकल्प नारी, युवा, किसान और गरीब के चार 'अमृत स्तंभों पर टिका है और यही चार उनके लिए सबसे बड़ी जातियां हैं, जिनका उत्थान ही भारत को विकसित बनाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि ये चारों जातियां जब सारी समस्याओं से मुक्त होंगी और सशक्त होंगी तो स्वाभाविक रूप से देश की हर जाति सशक्त होगी, पूरा देश सशक्त होगा। उन्होंने यह दावा भी किया कि



10 साल तक पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के काम को देखने के बाद लोगों को उनकी सरकार पर अपार विश्वास है।

उन्होंने कहा कि 2014 से पहले 80 फीसदी महिलाओं ने बैंक का मुख तक न देखा था। आज न केवल वह जनधन खातों से जुड़ी बल्कि हर योजना में प्रमुखता से लाभान्वित किया जा रहा। आपके सहयोग से ही देश विकसित और सम्मानित राष्ट्र बनेगा। केंद्र व प्रदेश सरकार कमजोर वर्ग को ताकतवर बनाने के लिए संकल्पित होकर काम कर रही है। हर गांव तक मोदी की गारंटी वाली गाड़ी पहुंच रही। जो योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ लाभार्थी के अनुभवों को भी ग्रामीणों के साथ साझा कर रही। सरकार आपके लिए काम ही नहीं कर रही बल्कि देश और देश के लोग कैसे आगे बढ़े, उनके जीवन में बदलाव आए और उनके सम्मान में वृद्धि हो इसको लेकर पूरी प्रतिबद्धता से काम कर रही। कार्यक्रम के अंत में सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने विकसित भारत संकल्प यात्रा की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताते हुए कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक लाभार्थी तक पहुंचे, जिसे साकार करने में यह यात्रा एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने केंद्रीय मंत्री समेत ग्रामीणों का आभार ज्ञापित किया।

**केंद्रीय मंत्री ने दी लाभार्थियों को योजना की सौगातें, खिले चेहरे**

केंद्रीय मंत्री ने अन्य जनप्रतिनिधियों और अफसर के साथ पीएम किसान सम्मान निधि के लाभार्थी सुधा देवी, मुन्ना गिरी, राकेश गुप्ता, हरिश्चंद्र गिरी, राम सहाय, पीएम आवास योजना के लाभार्थी किरण देवी, पूनम, पूजा, दीपू, सुमन, शौचालय के लाभार्थी कुन्ना, आलोक, सरिता, रामू, अरविंद और मनरेगा योजना के तहत 100 दिन का रोजगार पाने वाले रंजीत, रामप्रवेश, हरदीप सिंह, किरण देवी को हितपत्र प्रदान किए। तीन टीवी रोगियों को पोषण पोटली, चार लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड, सैम श्रेणी के दो बच्चों को सुपोषण किट, दो छह माह के शिशुओं का अन्नप्राशन एवं दो गर्भवती धात्री महिलाओं की गोद भराई की।

**इन लाभार्थियों ने सुनाई ₹मेरी कहानी मेरी जुबानी₹**

कार्यक्रम के दौरान वृद्धावस्था पेंशन के लाभार्थी शिवकुमार गिरी, हसीना बेगम, दिव्यांग पेंशन के लाभार्थी राजकुमार गिरी, पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना के लाभार्थी नितिन और रामकिशोर सहित सीता प्रेरणा स्वयं सहायता समूह एवं रूबी प्रेरणा स्वयं सहायता समूह की बहनों ने किस प्रकार से योजनाओं से जुड़कर उनके जीवन में खुशहाली आई इस बयां किया।

**केंद्रीय मंत्री ने किया स्टालों का अवलोकन**

**आईईसी वैन बनी आकर्षण का केंद्र**

ग्राम अंबूपुर बेहरवा के कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री ने अफसरो एवं अन्य जनप्रतिनिधियों संग केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित विभिन्न विभागों द्वारा लगाए स्टालो का अवलोकन किया। स्टालो पर मौजूद कार्मिकों से जरूरी जानकारी लेकर उत्साह, मनोबल बढ़ाया। केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को दशार्ने वाली तस्वीरों से सुसज्जित सूचना, संचार, शिक्षा का संगम बना आईईसी रथ उपस्थित जनमानस के आकर्षण का केंद्र बनी और पीएम के कटऑउट संग सेल्फी खिंचाने की होड़ लगी रही।

**इनकी रही मौजूदगी**

पीआईबी निदेशक मनोज वर्मा, ब्लॉक प्रमुख सदर दिव्या सिंह, प्रमुख फूलबेहड़ प्रतिनिधि विश्वनाथ सिंह, डीसीबी चेयरमैन, सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, डीडीओ दिनकर विद्यार्थी, बीडीओ आलोक कुमार वर्मा, तहसीलदार सदर सुशील सिंह सहित समस्त विभागों के अधिकारी कर्मचारी।

## कैबिनेट मंत्री वोट लेने के बाद गंगापुर की सुध लेना भूल गए

**– गंगापुर संपर्क मार्ग कई सालों से बदहाली का शिकार, मार्ग गढ्डो में तब्दील**

अमन लेखनी समाचार

कुरावली/मैनपुरी। विकास खंड क्षेत्र के गांव गंगापुर को मलिखान सिंह इंटर कॉलेज के सामने से जाने वाला संपर्क मार्ग जनप्रतिनिधियों के ध्यान न देने की बजह से बदहाली का शिकार है। इस पूरे मार्ग पर गढड़े ही गढड़े नजर आने लगे है। गत विधानसभा चुनाव में ग्रामीणों के वोट हासिल करने के बाद यूपी सरकार के कैबिनेट मंत्री व सदर विधानसभा से विधायक जयवीर सिंह भी इस गांव की सुध भूल गए है। ग्रामीणों में सत्ताधारी पार्टी भाजपा के प्रति आक्रोश है। ग्रामीण कह रहे है कि आगामी चुनाव में भाजपा को गांव से वोट नहीं किया जाएगा।

ज्ञात हो कि क्षेत्र के गांव गंगापुर के संपर्क मार्ग निर्माण बसपा सरकार के कार्यकाल में बर्ष 2008 में जिला पंचायत योजना से सीसी के रुप में हुआ था। निर्माण होने के दो साल बाद ही मार्ग टूटना शुरू हो गया था, वर्तमान समय में सीसी मार्ग पूरी तरह से टूटकर गढड़ो में तब्दील हो चुका है। अब तो मार्ग पर सफर करने के दौरा गांव के ग्रामीणों को भी डर लगने लगा है। क्यों कि मार्ग पर सफर करने के दौरान ग्रामीण चोटिल हो रहे है। क्यों कि मार्ग की हालत बहुत ही दयनीय हो गई है। पूरा ही मार्ग टूटकर खत्म हो गया है।

## महिलाओं को ढाल बनाकर झूठी एफआईआर दर्ज न कराए

**– ऑपरेशन जागृति के तहत चीतई में महिलाओं को किया जागरुक**

अमन लेखनी समाचार

औंछा/मैनपुरी। घिरोर विकास क्षेत्र की ग्राम पंचायत चीतई महानंद के मजरा चीतई में ऑपरेशन जागृति कार्यक्रम के तहत ग्राम प्रधान कालीचरण शाक्य की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें गांव की महिलाओं को महिला सुरक्षा के बारे जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया। साथ महिलाओं को उनकी सुरक्षा के लिए हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई।

बैठक में ग्राम प्रधान कालीचरण शाक्य ने कहा कि आजकल लोग घर की महिलाओं को ढाल बनाकर थाने में झूठी रिपोर्ट दर्ज कराते है। जो कि गलत है। उन्होने आगे कि महिलाओं का ढाल बनाकर झूठी रिपोर्ट दर्ज नहीं करानी चाहिए। लोग महिलाओं का सम्मान करें। न कि उन्हें अपने फायदें के लिए इस्तेमाल करें। महिलाओं को इस्तेमाल करना गलत है।

बैठक के दौरान घिरोर थाने की कांस्टेविल रीना ने उपस्थित महिलाओं को उनकी सुरक्षा के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि महिलाओं और बालिकाओं के प्रति बढ़ रहे अपराध पर अंकुश लगाने के लिए ऑपरेशन जागृति की शुरूआत की गई है। इस अभियान के जरिए महिलाओं को उनके द्वारा लगातार ही जागरुक किया जा रहा है।

ग्राम प्रधान प्रतिनिधि व भाजपा के औंछा मंडल अध्यक्ष गिरजानंदन शाक्य ने कहा कि सरकार ने महिला सुरक्षा के बारे में महिलाओं को जागरु करने के लिए ऑपरेशन जागृति चलाया है। इस कार्यक्रम के जरिए महिलाओं, बालिकाओं को उनके अधिकार के प्रति जागरुक किया है। उनका इतना ही कहना है कि सभी लोग महिलाओं का सम्मान करें। उनकी सुरक्षा के पूरे प्रयास करें। उनके द्वारा महिला सुरक्षा के लिए जारी किए गए हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई।

इस मौके पर शिव नारायण भदौरिया, बीरेंद्र सिंह, मोहरपाल, रीना देवी, उपेन्द्र कुमार, सतेन्द्र सिंह, गुलशन, प्रवेंद्र कुमार, दीपराम, विहारीलाल, बलबीर, रामकिशन, शिव वीर भदौरिया, बीरेंद्र सिंह, कांस्टेविल रीना, कश्मीरी आदि मौजूद रहे।

## संविधान शिल्पी को बसपाइयों ने नोएडा पहुंच दी श्रद्धांजलि

अमन लेखनी समाचार

हाथरस। राष्ट्रीय दलित प्रेरणा केन्द्र नोएडा मे बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान मे भारतीय संविधान के शिल्पकार भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर का 67वां महापरिनिर्वाण दिवस श्रद्धांजलि सभा के रूप मे आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में जनपद से बसपा जिलाध्यक्ष बनी सिंह जाटव के नेतृत्व मे सैकडों बसपाईयो ने नोएडा पहुंचकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में आगरा अलीगढ मण्डल के मुख्य मण्डल प्रभारी सूरज सिंह जाटव, अलीगढ मण्डल प्रभारी अशोक सिंह एड., रणवीर सिंह कश्यप, महेश चैधरी मौजूद थे। वही कार्यक्रम में हाथरस से बसपा जिलाध्यक्ष बनीसिंह जाटव, जिला प्रभारी महेश बाबू कुशवाहा, जिला प्रभारी दिनेश कुमार देशमुख, रणवीर सिंह सैगर, राजकपूर, हुकुम सिंह नेताजी, अजीत गौतम, चै. राघवेन्द्र सिंह, विजय सिंह सिखरा, अजय कुमार सुमन, वरुण गौतम, सतीश गौतम, रतन लाल बाल्मीकी, सुरेंद्र बघेल, सुरेंद्र सिंह, हेमन्त कुमार जाटव, कुंवर साहब, उमेश चैधरी, रमेश चंद्र निमेष, प्रमोद कुमार आजाद, जे.पी.सागर, जितेंद्र सिंह, सुशील कुमार, मुन्नालाल जाटव, कौशल किशोर, हरिओम सैगर, सतेन्द्र सिंह, दिनेश भारती, सूरजपाल, राजेन्द्र प्रसाद, अशोक कुमार, डा. अवधेश सिंह, ललित कुमार एड., रामप्रकाश सिंह आदि तमाम बसपाई कार्यक्रम मे उपस्थित थे।

## अजय शर्मा पुनः अध्यक्ष एवं मुकेश कुमार महामन्त्री पद पर हुए निर्वाचित

अमन लेखनी समाचार

हाथरस। शासन द्वारा मान्यता प्राप्त संगठन राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ब्लॉक इकाई मुरसान का चुनाव निर्वाचन पर्यवेक्षक हेमंत कटारा (जिला मंत्री) तथा चुनाव अधिकारी आशुतोष अग्निहोत्री (सह जिला मीडिया प्रभारी) की देखरेख में सम्पन्न हुआ। निर्वाचन कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों के द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया। निर्धारित समस्त पदों पर एक-एक नामांकन पत्र प्राप्त होने के कारण समस्त पदाधिकारी सर्वसम्मति से निर्विरोध चुने गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष रविकान्त मिश्र ने निर्वाचित ब्लॉक अध्यक्ष व महामंत्री का स्वागत करते हुए बताया कि मजबूत संगठन से ही शिक्षकों की समस्याओं को दूर कराया जा सकता है। शिक्षकों के हितों को सुरक्षित रखना ही संगठन का उद्देश्य है। उन्होंने निर्वाचित सभी पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि हमें विश्वास है कि संगठन का प्रत्येक पदाधिकारी अपने दायित्वों को निष्ठा पूर्वक निर्वहन करते हुए संगठन की विचारधारा को मजबूती प्रदान करने में अपना अमूल्य योगदान देंगे। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों में अजय कुमार शर्मा अध्यक्ष, मुकेश कुमार महामंत्री, प्रसून कुलश्रेष्ठ कोषाध्यक्ष, ओमवती गुप्ता वरिष्ठ उपाध्यक्ष, संगीता कुमारी, रामगोपाल, प्रदीप पचैरी व विनोद वार्ष्णेय उपाध्यक्ष, योगेश कुमार संगठन मंत्री, चंद्र प्रकाश शर्मा व तुलसी प्रसाद मंत्री, जितेंद्र कुमार गर्ग मीडिया प्रभारी, जितेंद्र कुमार सह-मीडिया प्रभारी, अजय कुमार सिंह कार्यालय प्रभारी व छैल बिहारी को कार्यकारिणी सदस्य चुना गया। संचालन करते हुए जिला महामंत्री डा. संजय गौतम ने कहा कि संगठन के निर्माण में शिक्षकों की अहम भूमिका है। सभी से अपने दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी से करने की हम आशा रखते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षक मयार्दा के तहत सभी अध्यापकों को एकता के सूत्र में पिरोकर अपने इस ब्लॉक को जिला स्तर पर श्रेष्ठ ब्लॉक के रूप में प्रस्तुत करेंगे। कार्यकारी जिलाध्यक्ष डा. संध्या अग्रवाल ने महिला शिक्षिकाओं को संगठन के कार्यक्रमों में अधिक से अधिक प्रतिभाग करने का आव्हान किया। मुख्य अतिथि व कार्यकारी मण्डल अध्यक्ष हरीश कुमार शर्मा ने कहा कि शिक्षकों के हितों की रक्षा हर स्तर पर की जाएगी। शिक्षक हित को लेकर संगठन सदैव मुखर रहेगा तथा उनकी वाजिब समस्याओं का त्वरित समाधान कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसी भी अध्यापक का शोषण नहीं होने देंगे। इस अवसर वरिष्ठ जिला उपाध्यक बृजेश शर्मा, जिला प्रचार मंत्री धर्मेंद्र उपाध्याय, जिला मीडिया प्रभारी संजय कुमार शर्मा, नगर संयोजक विमल शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष सासनी मनोज शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष हाथरस अंकित चैहान, उमेश सारस्वत, मनीष दीक्षित, संजीव वर्मा, राम निवास शर्मा, शिखा वार्ष्णेय, ममता गुप्ता, मीता गुप्ता, कल्पना, विजय लक्ष्मी, मोनिका मौर्य, शिखा शर्मा, विजय शर्मा, महेश चंद्र, मान सिंह, दिलीप चैहान, गोपाल शर्मा, प्रियंका माहेश्वरी, त्रिवेश कुमार आदि बड़ी संख्या में शिक्षक साथी उपस्थित रहे।

## पलिया बना चैंपियन, लखीमपुर को उपविजेता का खिताब

**सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ जनपदीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का समापन**

**नौनिहालों दिखाया दम, जीते मेडल पुरस्कार**

**केंद्रीय गृह राज्यमंत्री ने विजेता टीमों को प्रदान किए पुरस्कार**

अमन लेखनी समाचार

लखीमपुर-खीरी। लालपुर स्टेडियम में चल रही जनपदीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ समापन हो गया। बच्चों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में खूब दम खम दिखाया। प्रतिगोगिताओं में पलिया ब्लाक ने चैंपियनशिप जीती। लखीमपुर ब्लाक को उपविजेता का खिताब मिला। मितौली तीसरे स्थान पर रहा। मुख्य अतिथि केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टैनी ने विजेता टीमों को शील्ड प्रदान की। मंडलीय शिक्षाधिकारी बेसिक श्याम किशोर तिवारी ने विजेताओं को मेडल और पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इससे पहले विशेष प्रदर्शन की विजेता टीमों ने मुख्य अतिथि के सम्मुख अपनी




प्रस्तुतियां दी।

शनिवार को जनपदीय खेलकूद प्रतियोगिता के समापन समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टैनी ने कहा खेल बच्चों के विकास के लिए काफी जरूरी हैं। खेल से बच्चो के विकास में भी काफी मदद मिलती है। उन्होंने परिषदीय स्कूलों के बच्चों की खेल प्रतिभा और उस प्रतिभा निखारने वाले शिक्षकों की सराहना की। उन्होंने सरकार की खेलो इंडिया समेत कई योजनाओं से अवगत कराते हुए कहा कि इन योजनाओं के क्रियान्वयन में शिक्षकों की अहम भूमिका होगी। मुख्य अतिथि ने स्काउड कैम्प का भी निरीक्षण किया और बच्चों की सराहना की। इससे पहले केजीबीवी लखीमपुर की छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। अटकोहना की बालिकाओं ने सुमधुर आवाज में स्वागत गीत प्रस्तुत किया। रिसोर्स सेंटर की विशेष आवश्यकता वाली बालिका राशिफा ने हमारे घर राम आये गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया, जिसकी सभी ने जमकर तारीफ की। मुख्य अतिथि ने प्रभावित होकर राशिफा को मंच पर बुलाया और उसे पुरस्कृत किया। कुम्भी ब्लाक के यूपीएस अहमदनगर के बच्चों ने पीटी का शानदार प्रदर्शन किया।

विशिष्ट अतिथि के रूप में सदर विधायक योगेश वर्मा, श्रीनगर विधायक श्रीमती मंजू त्यागी, मंडलीय शिक्षा अधिकारी बेसिक, श्याम किशोर तिवारी समारोह में उपस्थित रहे। बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने खेल प्रतियोगिताओं के सफल संचालन के लिए बच्चों व शिक्षकों को बधाई दी।

समापन समारोह में सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय, जितेंद्र त्रिपाठी, सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी गिरिजा शंकर पाण्डेय, बीईओ ह्रदय शंकर, राकेश कुमार, देवेश राय, भगवान राव, अखिलानंद राय, शत्रुघ्न सरोज, नागेंद्र चौधरी, सुभाष चंद के साथ जिला व्यायाम शिक्षक विवेक गुप्ता, एसआरजी पंकज वर्मा, पूनम तोमर, एआरपी आशीष श्रीवास्तव, उत्तम पाण्डेय, गौरव शुक्ला , मधुरेश शुक्ल समेत समस्त संगठनों के पदाधिकारी व शिक्षक मौजूद रहे। संचालन प्रशांत बाजपेयी ने किया।

## छेड़छाड़ के आरोपी को कोर्ट ने सुनायी 7 वर्ष की सजा

अमन लेखनी समाचार

हाथरस। पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में मॉनिटरिंग सेल तथा अभियोजन की प्रभावी पैरवी के परिणाम स्वरुप न्यायालय द्वारा थाना सादाबाद के छेडछाड के अभियोग से सम्बन्धित 1 अभियुक्त को 7 वर्ष का कारावास व 15 हजार रुपए के अर्थदंड की सजा सुनायी गई है।

पुलिस के मुताबिक थाना सादाबाद पर पंजीकृत मुकददमा धारा 354(ख),452,504,506 भादवि बनाम हरिश्याम पुत्र काजीराम निवासी ग्राम दगशह थाना सादाबाद में अभियोग की विवेचना तत्परता से गुणवत्ता कायम रखते हुए पूर्ण की गयी तथा आरोपियों के विरूद्ध आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया। पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा चलाए जा रहे ह्लऑपरेशन कन्विक्शनह्व अभियान के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में उपर्युक्त अभियोग को प्राथमिकता के आधार पर अपने निकट पर्यवेक्षण में मॉनीटरिंग सेल के माध्यम से अभियोग का न्यायालय में विचारण के दौरान सम्यक पैरवी एवं प्रभावी कार्यवाही की गई तथा अभियोजन शाखा द्वारा भी प्रभावी पैरवी की गई। पैरवी के परिणाम स्वरुप न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीशश्विशेष पोक्सो एक्ट प्रथम द्वारा उक्त छेडछाड के अभियोग से सम्बन्धित अभियुक्त हरिश्याम उपरोक्त को धारा 354(ख) भादवि के अंतर्गत 7 वर्ष के कारावास तथा 5 हजार रुपए के अर्थदंड, धारा 452 भादवि के अंतर्गत 5 वर्ष के कारावास तथा 5 हजार रुपए के अर्थदंड, धारा 506 भादवि के अंतर्गत 7 वर्ष के कारावास तथा 5 हजार रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई गई है।

## भ्रष्टाचार व घोटालों के विरोध में भाजपा ने फूंका कांग्रेस का पुतला:जोरदार प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार

हाथरस। आज जनपद में भाजपा प्रदेश नेतृत्व के आव्हान पर जिलाध्यक्ष भाजपा शरद माहेश्वरी की अध्यक्षता में जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं कार्यकताओं के साथ कांग्रेस पार्टी का पुतला बागमूला चैराहे पर फूंका गया एव जिलाधिकारी कार्यालय पर कांग्रेस पार्टी द्वारा किये जा रहे भ्रष्टाचार के विरोध में प्रदर्शन कर जिलाधिकारी अर्चना वर्मा को ज्ञापन सौंपा गया एव कांग्रेस मुदार्बाद के नारे लगाए गये और कांग्रेस का जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी ने कहा कि कांग्रेस सरकार का भ्रष्टाचार से बहुत ही पुराना नाता रहा है जब हमारा देश आजाद हुआ उसके एक वर्ष बाद ही 1948 में जीप घोटाला उजागर हुआ। तब से लेकर आज तक कांग्रेस द्वारा आयात घोटाला, मुद्रा घोटाला, तेजा ऋण घोटाला, मारुती घोटाला, चारा घोटाला, सत्यम घोटाला, मनी लॉन्ड्रिंग घोटाला, स्टाम्प घोटाला सहित तमाम सैकड़ो घोटाले उजागर हुए हैं। कांग्रेस सरकार हमेशा से भारत को तोड़ने व घोटालों के माध्यम से भारत को कमजोर करने की साजिश में लगातार कोशिश में मशगूल है । जिसका सीधा प्रभाव आम जनमानस पर पड़ता है । जिस कारणवश जनता सरकार द्वारा प्रदान की गई जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित रह जाते हैं । वही भारतीय जनता पार्टी की सरकार का मूल उदेश्य सबका साथ, सबका विकास व सबका विश्वास के साथ भष्टाचार मुक्त सरकार बनना है एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुँचाने के उदेश्य से भारत के प्रति जागरूकता एवं जन भागीदारी बढाने के उदेश्य से भारत सरकार देशव्यापी ह्लविकसित भारत संकल्प यात्रा प्रारम्भ भी प्रारंभ की है। जिसका मूल उदेश्य है कि कोई भी लाभार्थी जनकल्याणकारी योजनाओ से वंचित न रह जाए। कांग्रेस के खिलाफ विरोध प्रदर्शन में भाजपा जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी के साथ सिकन्द्राराऊ विधायक वीरेंद्र सिंह राणा, पुरदिल नगर चेयरमैन हर्षकांत कुशवाहा, रुपेश उपाध्याय, हरीशंकर राना, प्रमोद सेंगर, अविनाश तिवारी, रामकुमार माहेश्वरी, संतराज सिंह, राजेश सिंह गुड्डू, डॉ. लालबहादुर रावल, संध्या आर्य, राजेंद्र सिंह, दिनेश माहौर, भीकम सिंह चैहान, सुनीता वर्मा, रामवीर सिंह माहौर, मोहित बघेल, प्रवीण सिंह, रविकांत अग्रवाल, गौरव आर्य, नीरज प्रताप सिंह, अशोक गोला, गुरदीप निरंकारी, गिर्राज किशोर शर्मा, राजकुमार जैन, प्रवीन कुमार, गजेन्द्र राणा, रजत चैधरी, अरविन्द दिवाकर, अभिषेक शर्मा, राजू राज एड., चै. चंद्रवीर सिंह, तुषार गौड़, नारायणलाल, सुनील वर्मा एड., सोनिया नारंग, स्मृति पाठक, कृष्ण मुरारी वार्ष्णेय, रविंद्र सिंह, अमित ठाकुर, प्रदीप सिंह, भूपेंद्र कौशिक, दंबेश चक, भूपेंद्र चैहान, डॉ. भरत यादव, मदन फौजी, अजय रावत, अनिल पाराशर, धर्मेंद्र उपाध्याय, पुनीत शर्मा, डॉ. राजकुमार गुप्ता, राम गोपाल बघेल, अशोक गोला, हुमायूं खान, विशाल पाथरे आदि सैंकड़ो की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

## जीएसटी अधिकारियों से मिले व्यापार मंडल के पदाधिकारी:मांग

अमन लेखनी समाचार

हाथरस। फेडरेशन ऑफ आल इंडिया व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, सुधीर अग्रवाल एंव सुनील अग्रवाल ने जीएसटी असिस्टेंट कमिश्नर आरके सिंह, आरपीएस कुंतेय, डिप्टी कमिश्नर मयंक जैन से जीएसटी ऑफिस जाकर मिले। जहां संबंधित समस्याओं के निराकरण हेतु वातार्लाप कर विभिन्न व्यापारिक समस्याओं के समाधान का अनुरोध करते हुए उनके निराकरण की अपील की।

व्यापार मंडल पदाधिकारियों को जीएसटी अधिकारियों द्वारा बताया गया कि केंद्रीय जीएसटी द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के तहत बकाया धनराशि जीएसटी के वसूली के नोटिस 5 सौ रुपये से ऊपर के भेजे जा रहे हैं। फिर भी कहीं भी किसी को कोई भी किसी भी प्रकार की समस्या है तो व्यापारी की समस्या का तत्काल समाधान किया जाएगा। व्यापारियों के हित में सदैव विभाग अग्रणी है और रहेगा।

व्यापारी समाज को किसी भी प्रकार किसी भी तरह की कोई कठिनाई न हो यह प्रयास हमारा रहता है और रहेगा। हम सदैव व्यापार की उन्नति के लिए हर पल हर क्षण सहयोग करने के लिए तत्पर हैं। व्यापारी समाज किसी भी तरह की किसी भी अफवाहों पर ध्यान ना दें। विभाग द्वारा अगर पोर्टल के माध्यम से कोई गलत नोटिस चला गया है तो उसका समाधान विभाग द्वारा तत्काल कर दिया जाएगा। व्यापारी किसी भी तरह गफलत में ना रहे, विभाग हर समय सहयोग के लिए तत्पर है।

**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**


**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. – 9838159555, 9935457982**


**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**

## एस्ट्रा अवार्ड्स के लिए नामांकित हुई जवान




**मुंबई।** निर्देशक एटली की नवीनतम सिनेमाई उत्कृष्ट कृति, जवान, जिसमें शाहरुख खान ने अभिनय किया है ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान हासिल की है। फिल्म को एस्ट्रा अवार्ड्स 2024 में प्रतिष्ठित सर्वश्रेष्ठ फीचर श्रेणी में नामांकित किया गया है, जिसने इसे दुनिया भर के उल्लेखनीय दावेदारों के साथ खड़ा कर दिया है। फिल्म जवान की फ्रांस से एनाटॉमी ऑफ ए फॉल, दक्षिण कोरिया से कंक्रीट यूटोपिया, फिनलैंड से फॉलन लीव्स, जापान से परफेक्ट डेज, मैक्सिको से रेडिकल, मैक्सिको से सोसाइटी ऑफ द स्नो जैसी प्रतिष्ठित फिल्मों के साथ प्रतिस्पर्धा है।

## एनिमल ने किया 360 करोड़ का आंकड़ा पार





**मुंबई।** फिल्म एनिमल ने आठवें दिन यानी शुक्रवार को 23.50 करोड़ की कमाई की। इसके बाद भारत में एनिमल का कलेक्शन 361.08 करोड़ हो गया है। वहीं वर्ल्डवाइड कलेक्शन कि बात करें तो यह आंकड़ा 538 करोड़ पार हो गया है। वहीं फिल्म का बजट देखें तो यह 100 करोड़ के बजट में बनी मूवी है। पहले हफ्ते में एनिमल की कमाई की बात करें तो पहले दिन 63.8 करोड़, दूसरे दिन 66.27, तीसरे दिन 71.46 करोड़, चौथे दिन 43.96 करोड़, पांचवे दिन 37.47 करोड़, छठे दिन 30.39 और सातवें दिन 24.23 करोड़ की कमाई फिल्म ने की थी।

## ऑस्कर में नॉमिनेट हुई कंट्री ऑफ ब्लाइंड



**मुंबई।** एक्ट्रेस हिना खान की फिल्म कंट्री ऑफ ब्लाइंड सिनेमा जगत के सबसे बड़े और फेमस अवॉर्ड ऑस्कर 2024 के लिए भी नॉमिनेट हो गई है। हिना ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें उन्होंने बताया है कि उनकी फिल्म कंट्री ऑफ ब्लाइंड ऑस्कर 2024 के लिए नॉमिनेट हुई हैं। हिना ने कहा कि पुरस्कारों की दुनिया में, सबसे प्रतिष्ठित ऑस्कर की दौड़ में होना खास है। हम अभी भी दूर हैं लेकिन हम करीब आ रहे हैं और उंगलियां पार कर रही हैं कि हम नामांकन तक पहुंचते हैं और धीरे-धीरे अपने सपनों की ओर बढ़ते हैं!

## मेघना के साथ काम करेंगे सिद्धार्थ



**मुंबई।** सिद्धार्थ मल्होत्रा जल्द ही नई फिल्म करने वाले हैं। उनकी अगली फिल्म के लिए मेघना गुलजार उनके साथ हाथ मिलाएंगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मेघना गुलजार का अगला प्रोजेक्ट सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ होगा। मेघना गुलजार ने पिछले कुछ सालों में इन टॉपिक पर सारी रिसर्च की थी और सिद्धार्थ के साथ टॉपिक पर बात की थी,जो कुछ भी हुआ उससे वह बहुत प्रभावित हुई और स्क्रिप्ट पढ़ने पर सिड उनकी भावनाओं से गूंज उठे। दोनों लोग इस विशेष प्रोजेक्ट पर टीम बनाने के लिए उत्सुक हैं। मेघना गुलजार की ये अभी तक की पांचवीं फिल्म होगी, जो सच्ची कहानी के बैकग्रांउड पर आधारित है। अभी तक इस फिल्म का टाइटल सामने नहीं आया है। फिल्म तलवार, राजी, छपाक और सैम बहादुर के बाद ये मेघना की पांचवीं फिल्म है। कथित तौर पर फिल्म की शूटिंग वास्तविक स्थानों पर दो महीने तक की जाएगी।

लाइफ Style

# रश्मिका लिखा इमोशनल पोस्ट

एजेंसी ▶▶ मुंबई


रश्मिका मंदाना ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर की है। एनिमल में रश्मिका ने रणबीर कपूर की पत्नी का किरदार निभाया है। एक्ट्रेस गीतांजलि के किरदार में काफी मेहनत की है। फिल्म के रिलीज के एक हफ्ते बाद रश्मिका ने अपने किरदार के बारे में एक इमोशनल नोट लिखा है। साथ ही एक्ट्रेस ने अपने फैंस का आभार जताया है।

एक्ट्रेस ने इस पोस्ट में अपने किरदार गीतांजलि को लेकर काफी डिटेल में बताया है। कैप्शन में रश्मिका ने लिखा, गीतांजलि... अगर मैं एक वाक्य में उसका वर्णन करूं तो वह घर की एकमात्र ताकत है, जो अपने परिवार को जोड़े रखती है। वह शुद्ध, सच, अनफ़िल्टर्ड, मजबूत और कच्ची है। कभी-कभी एक एक्टर के तौर पर मैं गीतांजलि के कुछ कामों पर सवाल उठाती थी और मुझे याद है कि मेरे डायरेक्टर ने मुझसे कहा था, यह उनकी कहानी थी। रणविजय और गीतांजलि की। ह उनका प्यार और जुनून था। उनके परिवार और उनका जीवन, यही वे है। रश्मिका ने आगे कहा, सभी तरह की हिंसा, चोट और असहनीय दर्द से भरी दुनिया में गीतांजलि शांति, विश्वास और शांति लाएगी। वह अपने पति और बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए अपने भगवान से दुआएं करेगी। वह एक चट्टान थी, जिसने सभी का सामना किया। वह अपने परिवार की खातिर अपनी शक्ति में कुछ भी करेगी। गीतांजलि मेरी नजर में बिल्कुल खूबसूरत हैं और कुछ मायनों में वह उन ज्यादातर महिलाओं की तरह हैं, जो मजबूती से खड़ी हैं और दिन-ब-दिन अपने परिवार की रक्षा कर रही हैं।




हॉलीवुड मसाला

## नेटवर्थ जानकर रह जाएंगे दंग




**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड स्टार केंडल जेनर की कुल प्रापर्टी $60 मिलियन है। जेनर एक रियलिटी-टेलीविजन स्टार और फैशन मॉडल हैं। वह दो बार टीन च्वाइस अवार्ड विजेता और यंग हॉलीवुड अवार्ड के लिए नॉमिनेट हो चुकी हैं। केंडल की नेटवर्थ उनकी सालाना इनकम 4 मिलियन अमेरिकी डॉलर है। वहीं फोर्ब्स की मानें तो केंडल साल 2017 में सबसे ज्यादा कर भुगतान की जाने वाली मॉडल रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार 2023 में केंडल जेनर की कुल संपत्ति $60 मिलियन है।




## सेलेना ने कंफर्म किया रिलेशनलशिप स्टेट्स

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड की पॉपुलर एक्ट्रेस और सिंगर सेलेना गोमेज किसी ना किसी वजह से चर्चा का विषय बनी रहती हैं। ऐसा सुनने में आ रहा है कि सेलेना अमेरिकी संगीत निर्माता बेनी ब्लैंको को डेट कर रही हैं। जस्टिन बीबर के साथ अपने रिश्ते को लेकर अक्सर सुर्खियां बटोरने वाली गायिका ने पर्सनली अपने नए रिश्ते की खबर की पुष्टि की और बेनी के साथ एक तस्वीर भी शेयर की। सोशल मीडिया पर एक फैन आगे आए और एक सोशल मीडिया यूजर की आलोचना करते हुए इस खबर की पुष्टि की, जो उनकी पसंद के लिए उन्हें ट्रोल कर रहे थे। रिश्ते के बारे में कई सोशल मीडिया यूजर्स ने बेनी को उनके बॉयफ्रेंड के रूप में स्वीकार नहीं किया।



## मॉडलिंग के लिए छोड़ दिया था ग्रेजुएशन

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस दीया मिर्जा ने अपनी बेहतरीन एक्टिंग के दम पर लोगों के दिल में एक अलग जगह बनाई है। रहना है तेरे दिल में की एक्ट्रेस 2000 से इंडस्ट्री में एक्टिव हैं, जब उन्होंने फेमिना मिस इंडिया एशिया पैसिफिक और मिस एशिया पैसिफिक इंटरनेशनल का खिताब जीता था। दीया मिर्जा बचपन से ही बहुत एक्टिव थीं। हैदराबाद में ग्रेजुएशन की पढ़ाई के दौरान, एक्ट्रेस ने एक मल्टीमीडिया फिल्म के लिए मार्केटिंग कार्यकारी के रूप में काम किया। लगभग उसी समय, उन्होंने लिप्टन, वॉल्स आइसक्रीम और इमामी जैसे कुछ बड़े ब्रांडों के लिए मॉडलिंग की। अपनी कई कार्यों के कारण, वह अपनी ग्रेजुएशन की पढ़ाई पूरी नहीं कर सकीं लेकिन कई क्षेत्रों में तारीफ हासिल की।



## 'ब्रह्मास्त्र-2' में नजर आएंगे रणवीर...

**मुंबई।** फिल्म 'ब्रह्मास्त्र' के दूसरे पार्ट को खबरें सामने आई है। फिल्म के दूसरे भाग में भी कई बड़े स्टार्स के नाम सामने आ रहे हैं, जो फिल्म में नजर आ सकते हैं, जिनमें एक नाम रणवीर सिंह का भी है। रिपोर्ट के मुताबिक, 'ब्रह्मास्त्र 2' में रणवीर सिंह एक अहम भूमिका निभा सकते हैं। हालांकि, इसको लेकर अभी तक कोई बड़ी जानकारी या मेकर्स की ओर से इस खबर पर कोई पुष्टि की गई है। दरअसल, 'ब्रह्मास्त्र' में रणबीर उर्फ शिवा के पिता 'देव' को लेकर काफी चर्चाएं हुई थीं। हालांकि, पहली फिल्म में देव का कैरेक्टर नजर नहीं आया था, लेकिन अब फिल्म के दूसरे भाग में यह किरदार लोगों के सामने आ सकता है, जिसको लेकर फैंस काफी एक्साइटेड नजर आ रहे हैं। इस किरदार के फैंस कई तरह के अनुमान लगा रहे हैं।

टीवी मसाला

## तारक मेहता में मोनाज मेवावाला निभाएंगी रोशन भाभी का किरदार

**मुंबई।** टीवी शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' पिछले 15 सालों से दर्शकों का फेवरेट बना हुआ है। खबर है कि टीवी एक्ट्रेस मोनाज मेवावाला तारक मेहता से जुड़ने वाली हैं। वो शो की फेमस रोशन भाभी का किरदार निभाएंगी। मोनाज ने एक्ट्रेस जेनिफर मिस्त्री को रिप्लेस किया है, जिन्होंने असित मोदी के साथ विवादों के चलते शो छोड़ दिया था। मोनाज मेवावाला तारक मेहता शो से जुड़ चुकी हैं। वो शो में मिसेज रोशन सिंह सोढ़ी का किरदार निभाएंगी। उनसे पहले ये रोल एक्ट्रेस जेनिफर मिस्त्री प्ले कर रही थीं। जेनिफर के शो छोड़ने के बाद काफी बवाल हुआ था। जेनिफर ने निर्माताओं के साथ अनबन के कारण इस साल अप्रैल में शो छोड़ दिया था। अब फाइनली दर्शकों के लिए नई रोशन भाभी आ चुकी हैं। मोनाज ने तारक मेहता का उल्टा चश्मा से जुड़ने पर खुशी जताई।



## बॉलीवुड का डॉलर अरबपति, 70 के दशक में टूथब्रश मेकर के रूप में की थी शुरुआत

*मुंबई। फिल्म इंडस्ट्री में पैसों की कोई कमी नहीं है। भारत में फिल्म मेकिंग एक अरबों डॉलर का बिजनेस है, जहां एक्टर्स लाखों कमाते हैं लेकिन फिल्म मेकर अरबों कमाते हैं। इसमें कोई हैरानी की बात नहीं है कि भारत में सबसे अमीर एक्टर अक्सर वे होते हैं, जिनकी अपनी प्रोडक्शन कंपनियां होती हैं फिर भी उनकी कुल प्रॉपर्टी बॉलीवुड के सबसे अमीर स्टार की तुलना में कम है, जो इंडस्ट्री का एक अकेला है जो डॉलर बिलियनेयर यानी डॉलर अरबपति है।*

### फिल्म मेकर रॉनी स्क्रूवाला है अकूत संपत्ति के मालिक

हिंदी सिनेमा के सबसे अमीर आदमी फिल्म मेकर और बिजनेसमैन रॉनी स्क्रूवाला हैं। फोर्ब्स के मुताबिक इस बिजनेस टाइकून की प्रॉपर्टी $1.55 बिलियन (12,800 करोड़ रुपए) है। ये इस देश के ज्यादातक एक्टर्स और डायरेक्टर्स के सपने से कहीं ज्यादा है। यूटीवी के फाउंडर और आरएसवीपी मूवीज के लीड स्क्रूवाला नैचुरली बॉलीवुड के सबसे अमीर फिल्म मेकर भी हैं, जो करन जौहर, आदित्य चोपड़ा, भूषण कुमार या यहां तक कि एकता कपूर जैसे नामों से भी आगे हैं। कई रिपोर्टों के मुताबिक इनमें से किसी भी मेकर की नेटवर्थ स्क्रूवाला से आधी भी नहीं है। इसी तरह देश के सबसे अमीर एक्टर - शाहरुख खान की भी कुल नेटवर्थ लगभग 600 मिलियन डॉलर है, जो स्क्रूवाला से काफी कम है।



### जबरदस्त नेटवर्थ के पीछे की कहानी

रॉनी स्क्रूवाला ने 70 के दशक में टूथब्रश मेकर के रूप में शुरुआत की और 1981 में केबल टीवी बिजनेस एस्टैब्लिश किया, जो एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में उनका पहला वेंचर था। 1990 में केवल 37,000 रुपए की इन्वेस्टमेंट के साथ उन्होंने यूटीवी की शुरुआत की, जो आखिर में एक लीड टीवी प्रोड्यूसर बन गए। उन्होंने शांति और सी हॉक्स जैसे शो बनाए। यूटीवी ने स्वदेस, जोधा अकबर, फैशन, बर्फी, चेन्नई एक्सप्रेस और कई दूसरी फिल्मों के साथ फिल्म मेकिंग में भी कदम रखा। 2012 में स्क्रूवाला ने कंपनी में अपना हिस्सा एक अरब डॉलर से ज्यादा में डिज्नी को बेच दिया। दो साल बाद स्क्रूवाला ने आरएसवीपी मूवीज की शुरुआत की जिसने उरी और केदारनाथ जैसी फिल्में बनाईं।

## तृप्ति ने केक काटकर मनाया सफलता का जश्न...

*मुंबई। एक्ट्रेस तृप्ति डिमरी के इंस्टाग्राम हैंडल पर फैन फॉलोइंग की संख्या में जबरदस्त इजाफा हुआ है। तृप्ति फिल्म एनिमल में जोया के रूप में अपने परफार्मेंस के कारण सुर्खियां बटोर रही हैं। उनकी कड़ी मेहनत का ही नतीजा है कि हाल ही में उनके इंस्टाग्राम हैंडल पर भी फैन फॉलोइंग की संख्या में जबरदस्त इजाफा देखने को मिला है। तृप्ति को केक काटकर जीत का जश्न मनाते देखा गया। तृप्ति के एयरपोर्ट लुक ने इंटरनेट पर दिल जीत लिया है। सिंपल आउटफिट में वे शानदार लग रही थी, जिसमें एक ब्लैक स्वेटशर्ट, नीली डेनिम की एक जोड़ी और एक काला टोट बैग शामिल था। वह पैपराजी को पोज देते हुए भी नजर आईं।*

